www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 339 || अम्बेडकरनगर
रविवार
08 मार्च 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:24
सूर्यास्त: 06:11
अधिकतम: 34°00
न्यूनतम: 21°00



पेज 07

विशेष समाचार नेपाल को किस तरफ ले ... >>पेज 04 | चरस-गांजा बिकवाकर सिपाही... >>पेज 06 | सलमान के पिता सलीम खान ...

# बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से

## पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव, भाजपा-कांग्रेस ने व्हिप जारी किया

**निर्देश**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। >> (शेष पेज 06 पर)



### ओम बिरला को हटाने का प्रस्ताव पास होना कठिन

नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है, इसलिए प्रस्ताव पारित होना कठिन है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्पीकर स्वयं सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें अपना पक्ष रखने और मतदान करने का अधिकार होगा।

आरोप है कि स्पीकर बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्षी नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया।

# योगी की मां पर मौलाना ने की भड़काऊ टिप्पणी

## लखनऊ में सड़कों पर उतरे लोग, शव यात्रा निकाली, पुतला फूंका

**हंगामा**

तमसा संकेत, एजेंसी


लखनऊ । बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सालिम चतुर्वेदी ने यूपी के CM योगी आदित्यनाथ की मां पर आपत्तिजनक और भड़काऊ बयान दिया है। इससे भाजपा कार्यकर्ता और योगी फैंस भड़क उठे हैं। शनिवार को लखनऊ में लोगों ने मौलाना का पुतला फूंका। उसे पैरों से कुचला।

इससे पहले युवाओं ने हजरतगंज में मौलाना की शव यात्रा निकाली। उसके बाद चौराहे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने छात्रों को रोकने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रही। लोगों ने जमकर हंगामा किया। गुस्साए लोगों ने मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे युवकों ने कहा- योगी यूपी के दिल और जान हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



### 'पुतले जैसा मौलाना का हाल करेंगे'

प्रदर्शन कर रहे जतिन शुक्ला ने कहा, हम लोगों ने बिहार के मौलाना सलीम का पुतला जलाया है। होली और रमजान के पवित्र महीने में उसने अपनी मानसिकता दिखाई है। योगी इतने बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। संत हैं। उनकी मां के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज हम लोगों ने उसका पुतला फूंका है। अभी मौलाना पर मुकदमा लिखवा कर उसे जेल भेजवाने का काम करेंगे। >> (शेष पेज 06 पर)




> उधर, भाजपा नेता और यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव ने मौलाना पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मां का दर्जा किसी भी धर्म में बहुत ऊपर होता है। इस्लाम में भी मां को बहुत बड़ा दर्जा दिया गया है, लेकिन ऐसे पाठ इस मौलाना ने नहीं पढ़े हैं। इस प्रकार की भद्दी टिप्पणी करना बंद करें, उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

### मौलाना जब तक माफी नहीं मांगेंगे, प्रदर्शन होगा

प्रदर्शन कर रहे लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्र अभिषेक ने कहा, मौलाना ने हमारे मुख्यमंत्री की मां को गाली दी है। अगर बयान देने वाला शख्स माफी नही मांगता है, तो कल हम लोग इससे बड़ी संख्या में आएंगे, प्रदर्शन करेंगे।

ऐसे लोग राजनीति चमकाने के लिए इस तरह के बयान देते हैं। योगी आदित्यनाथ की नीतियों का विरोध कीजिए, उनके विचारों का विरोध कीजिए, मगर उनकी मां पर टिप्पणी करना बेहद गलत है। कल हमारे घरों से माएं और बहनें बाहर निकलेंगी और प्रदर्शन करने आएंगी।

## सीएम योगी ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान को लेकर दिया बड़ा बयान

# 'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि की तरह आगे का कार्यक्रम भी होगा'

आरएसएस-भाजपा समन्वय बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने यथार्थ हॉस्पिटल का शुभारंभ किया

**चर्चा**

- मुख्यमंत्री योगी ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दर्शन किए।
- अयोध्या की तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर काम का संकेत।
- ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में विकास योजनाएं स्वीकृत।

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा, आगरा। मुख्यमंत्री योगी दित्यनाथ शनिवार को कान्हा की नगरी में आए तो आध्यात्मिक रूप में रमे रहे। यहां उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में कई विकास योजनाओं पर मुहर लगाई।

मुख्यमंत्री योगी ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दर्शन किए, फिर यहां श्रद्धालुओं से कहा कि कृष्ण कन्हैया की कृपा हुई तो अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि की तरह आगे का कार्यक्रम भी होगा। >> (शेष पेज 06 पर)



### सीएम की डिनर डिप्लोमेसी, स्वयंसेवकों संग लंच

सीएम योगी ने RSS के स्वयंसेवकों के साथ लंच किया। इस दौरान सभी को लौकी की सब्जी, मटर-गोभी की मिक्स सब्जी, दाल, रोटी सर्व की गई। पूरा खाना बिना प्याज और लहुसून के बना था। सीएम योगी ने भी यही खाना खाया। इसे डिनर डिप्लोमेसी के तौर पर देखा जा रहा है।

### 'योगी बोले- उन्होंने माफिया बनाए, हमने मेडिकल कॉलेज'

आगरा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के पहले की सरकारों पर जमकर हमला बोला। कहा पहले माफिया राज था। 2017 से पहले यूपी में सिर्फ 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज हम 81 मेडिकल कॉलेज संचालित कर रहे हैं। पहले मेडिकल कॉलेज नहीं थे, तब वन डिस्ट्रिक-वन माफिया था। अब वन डिस्ट्रिक-वन मेडिकल कॉलेज है।

### प्रदेश अध्यक्ष बोले- मिलने-जुलने के लिए बैठक थी

भाजपा-आरएसएस की समन्वय बैठक में शामिल होने आए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दैनिक भास्कर से कहा-ये मिलने-जुलने के लिए बैठक थी। >> (शेष 06 पर)

### बंगाल में कॉन्फ्रेंस की जगह बदलने पर राष्ट्रपति नाराज

कोलकाता । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बंगाल में कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर शनिवार को नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। राष्ट्रपति ने कहा नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उन्हें रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें। उन्होंने कार्यक्रम की जगह बदले जाने पर कहा कि अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि ये शर्मानाक है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। दरअसल 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पहुंचीं थीं। इसी दौरान उन्होंने छोटे कार्यक्रम स्थल को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि फांसिदेवा में तय किया गया मैदान काफी छोटा था, जिसके कारण कई लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

**फास्ट न्यूज**

### राम रहीम पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में बरी

चंडीगढ़ । पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है।

**दौरा | कार्यक्रम**

### शाह बोले - केदारनाथ से कन्याकुमारी तक खदेड़े जाएंगे घुसपैठिए

हरिद्वार । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरिद्वार में आयोजित राज्य सरकार के '4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवार रहे हैं। केदारनाथ धाम से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में जहां-जहां घुसपैठिए हैं, उन्हें चुन-चुनकर भारत से बाहर निकालने का काम किया जाएगा। एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे शाह का देहरादून के जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया।

### यूपीएससी में 301 रैंक पर 2 कैंडिडेट्स का दावा

पटना। UPSC सिविल सर्विस एग्जाम रिजल्ट 2025 में एक ही रैंक पर दो कैंडिडेट्स ने दावा कर दिया है। UPSC द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में AIR 301 पर आकांक्षा सिंह हैं, जिनका रोल नंबर 0856794 है। इस सिलेक्शन पर बिहार और यूपी से 2 अलग-अलग छात्राओं ने दावा किया है।

# नेपाल चुनाव: भारत विरोधी नेता केपी ओली की हार

## बालेन शाह ने 50,000 वोटों से हराया

**रुझान**

तमसा संकेत, एजेंसी

काठमांडू । नेपाल में आम चुनाव की मतगणना जारी है। 165 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को 50 हजार वोटों से हरा दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) के बालेन शाह और ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है। उन्होंने झापा-5 सीट से 2017 और 2022 का चुनाव जीता था।



- 4 साल पुरानी पार्टी की ऐतिहासिक जीत

बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। RSP ने अब तक 62 सीटें जीत ली हैं, जबकि 60 सीटों पर आगे चल रही है। यह पार्टी सिर्फ 4 साल पहले एक पत्रकार रहे रबि लामिछाने ने बनाई थी। >> (शेष पेज 06 पर)

# अमेरिकी थाड डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

## जॉर्डन वाला सिस्टम तबाह, कीमत 22 हजार करोड़, अमेरिका के पास ऐसे सिर्फ 7 सिस्टम

**जंग**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज आठवां दिन है। ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, UAE और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे THAAD का रडार सिस्टम तबाह हो गया है। एक THAAD सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि THAAD के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। >> (शेष पेज 06 पर)

### लंदन में ईरान पर हमलों के खिलाफ हजारों लोगों का प्रदर्शन


ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हजारों लोगों ने ईरान पर हो रहे हमलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस के मुताबिक इस मार्च में करीब 5,000 से 6,000 लोग शामिल हुए। लोगों ने मिलबैंक से मार्च शुरू किया और अमेरिकी एंबेसी की तरफ बढ़े। प्रदर्शन के दौरान लोग नारे लगा रहे थे कि ईरान पर बमबारी बंद की जाए।

यमन के सना में, ईरान और लेबनान के साथ एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन के दौरान हूती कार्यकर्ताओं ने अमेरिका और इजराइल के झंडे जलाए।



### फारस की खाड़ी में तेल टैंकर पर ड्रोन हमला

ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि उसने समुद्र में एक तेल टैंकर पर ड्रोन हमला किया। ईरान के मुताबिक जिस जहाज को निशाना बनाया गया उसका नाम लुईस पी है। यह जहाज मार्शल आइलैंड के झंडे के तहत चल रहा था। >> (शेष 06 पर)



### ईरान का युद्धपोत भारत में रुका

ईरान का एक युद्धपोत IRIS लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। ANI ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

## मुठभेड़ : एनएच-233 टांडा-बसखारी मार्ग पर मुठभेड़ में घायल आरोपी

# सुरेंद्र माझी हत्याकांड का मास्टरमाइंड चंदू गिरफ्तार

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। टांडा इलाके के नेहरू नगर निवासी लकड़ी व्यापारी सुरेंद्र माझी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रेमचंद उर्फ चंदू निवासी मिश्रौलिया को शुक्रवार की देर रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार चंदू हत्याकांड का मास्टरमाइंड है और उसने अपने साथी अरविंद प्रजापति के साथ मिलकर 3 मार्च को दोपहर में धारदार हथियार से माझी की हत्या की थी। पुलिस ने बताया कि सर्विलांस टीम को आरोपी की मोबाइल लोकेशन मिली, जिसके आधार पर एनएच-233 टांडा-बसखारी मार्ग पर हसनपुर गांव के पास उसे रोकने की कोशिश की गई। खुद को घिरता देख चंदू ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। बचाव में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें चंदू के बाएं पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे काबू में कर लिया। पुलिस ने बताया कि चंदू ने हत्या के बाद अपने साथी अरविंद प्रजापति को भी शराब में जहर मिलाकर मार दिया था। >> (शेष पेज 06 पर)

> पुलिस ने चंदू के कब्जे से लूटी गई दो सोने की चेन, करीब 64,000 रुपये नकद और मोबाइल बरामद किया। इसके अलावा आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस भी मिले। पुलिस के अनुसार चंदू ही इस पूरे हत्याकांड का मुख्य योजनाकार था और उसने अपने कर्ज को चुकाने के लिए वारदात को अंजाम दिया था।





### पुलिस की तेज़ कार्रवाई

मुठभेड़ के दौरान इंस्पेक्टर दीपक रघुवंशी समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस की सतर्कता और सर्विलांस टीम की तेजी से कार्रवाई के कारण ही चंदू को गिरफ्तार किया जा सका। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से बरामद सभी सामान हत्या और लूट की घटनाओं से सीधे जुड़े हुए हैं।

### वारदात की जांच और गिरफ्तारी की प्रक्रिया

पुलिस ने कहा कि चंदू की गिरफ्तारी के बाद घटनास्थल और उसके ठिकानों की जांच जारी है। पुलिस टीम आरोपी के अन्य संभावित सहयोगियों और अपराध में शामिल अन्य लोगों की तलाश में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि चंदू का आपराधिक इतिहास और जुआ की लत हत्या के पीछे मुख्य कारण रहे।

# नेता नहीं होता, तो एयरोस्पेस कारोबारी होता : राहुल गांधी

## राहुल ने कहा- मेरे परिवार में पायलट रहे हैं

**दौरा**

तमसा संकेत, एजेंसी

त्रिवेंद्रम । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को त्रिवेंद्रम में कहा कि अगर वे पॉलिटिक्स में नहीं होते, तो एयरोस्पेस की दुनिया में एंटरप्रेन्योर (कारोबारी) होते। राहुल ने कहा- मेरे परिवार में पायलट रहे हैं। मेरे पिता और चाचा पायलट थे।

राहुल केरल के दो दिन के दौरे पर हैं। वे टेक्नोपार्क में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी फ्रेटरनिटी के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चाइना के इंडस्ट्रियल सिस्टम की तारीफ की। कांग्रेस सांसद ने कहा- चीन ने एक शानदार इंडस्ट्रियल सिस्टम बनाया है जिसका दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन हमें उनका जबरदस्ती वाला सिस्टम पसंद नहीं। वे डेमोक्रेटिक नहीं हैं। राहुल गांधी ने केरल के इडुक्की जिले के कुट्टिकनम में चाय बागान के मजदूरों से बातचीत की और वर्कला के शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु की समाधि पर भी गए। >> (शेष पेज 06 पर)



- चीन की तारीफ में कहा- इसका इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन सिस्टम बेजोड़, लेकिन वह लोकतांत्रिक देश नहीं है

## 2023 के बाद सबसे गर्म रहा मार्च का पहला सप्ताह ■ जल्द पारा 40 डिग्री तक जाएगा

# यूपी में पड़ने वाली है भीषण गर्मी



**चेतावनी**

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । यूपी में गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। तीन साल बाद मार्च के पहले सप्ताह में ही पारा 35 डिग्री सेल्सियस क्रॉस कर चुका है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पारा इसी माह 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। IMD के मुताबिक, मार्च से मई 2026 के बीच देश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

साल 2025 में मार्च के पहले सप्ताह में यूपी के ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया था, जबकि रात का तापमान लगभग 14 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वहीं, 2026 में 1 मार्च को अधिकतम तापमान 32.5 दर्ज किया गया। यूपी में मार्च की शुरुआत इस बार ज्यादा गर्म रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार- 1 मार्च, 2026 को दिन का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले तीन साल में मार्च की शुरुआत का सबसे अधिक तापमान रहा है।

इससे पहले 2023 में 1 मार्च को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, अन्य वर्षों में मार्च के पहले दिन तापमान इससे कम रहा था। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश का कहना है कि मार्च की शुरुआत में ही तापमान इतना ज्यादा होना इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ सकती है। महेश पलावत के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिसके चलते 7 से 11 मार्च के बीच पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र (जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड) में हल्की बारिश और बर्फबारी देखने को मिल सकती है।

### क्यों बढ़ रही है गर्मी?

स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) का असर मौसम पर साफ दिखाई दे रहा है। इसी कारण मौसम का पैटर्न तेजी से बदल रहा है। गर्मी पहले की तुलना में जल्दी शुरू हो रही है।

इसका असर यह है कि अब तापमान ज्यादा तेजी से बढ़ने लगा है। गर्म दिनों की संख्या भी बढ़ रही है। कई बार लू (हीटवेव) का दौर भी पहले से ज्यादा दिनों तक चलता है। बीते कुछ सालों में देश के कई शहरों में गर्मी के पुराने रिकॉर्ड भी टूटे हैं। कुछ जगहों पर तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक दर्ज किया गया है।

### लंबे समय तक चल सकती है हीटवेव

IMD के अनुमान के अनुसार, इस साल कुछ इलाकों में लंबे समय तक हीटवेव की स्थिति बन सकती है। इसका मतलब है कि कई शहरों में लगातार कई दिनों तक तापमान बहुत ज्यादा रह सकता है और लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

> मोहम्मद दानिश के मुताबिक, मार्च की शुरुआत में ही लोगों को अप्रैल-मई जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। बीते 24 घंटे में बांदा प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। यहां अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बढ़ते तापमान की वजह से दोपहर के समय तेज धूप और गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है।

### आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विशेषज्ञ मोहम्मद दानिश के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना है। अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में करीब 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। इस वजह से प्रदेश के कई इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास तक पहुंच सकता है। दिन के समय तेज धूप और गर्मी का असर और ज्यादा महसूस हो सकता है।

**फास्ट न्यूज**

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

लखनऊ । आलमबाग थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

सिमेरपुर रूरा कानपुर देहात निवासी अनुज कुमार यादव (35) पुत्र जय प्रकाश सोलर पैनल का काम करते थे।

### जेआईओ स्टोर मैनेजर ने लगाई फांसी

लखनऊ । लखनऊ के मड़ियांव इलाके में जिओ (JIO) स्टोर मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में लटका मिला। पड़ोसी ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान रेहघटना सकरन सीतापुर निवासी पवन कुमार शुक्ला (30) पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में हुई। वह जिओ कंपनी में स्टोर मैनेजर थे। लखनऊ में मड़ियांव के प्रियदर्शनी कॉलोनी में रहते थे। इस वक्त नीलगिरी स्थित जिओ स्टोर पर कार्यरत थे।

### मनरेगा कर्मियों को नहीं मिला मानदेय

सरोजनी नगर, लखनऊ । मनरेगा कर्मियों ने लंबे समय से लंबित मानदेय और ईपीएफ भुगतान को लेकर शनिवार को सरोजनीनगर ब्लॉक कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रोजगार सेवकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों, तकनीकी सहायकों और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी रीता सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को संबोधित था।

# केजीएमयू में दरगाह के अतिक्रमण को हटाया

## होली की छुट्टी के दौरान किया कब्जा

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। केजीएमयू में मजार के पास फिर से हुए अतिक्रमण को आज हटा दिया गया। इस दौरान काफी गहमा-गहमी रही। भारी पुलिस बल तैनात रही। केजीएमयू प्रशासन ने साफ कर दिया कि परिसर में किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने देंगे।

प्रॉक्टर डॉ. आरएस कुशवाहा भी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि होली के दौरान कुछ लोगों ने बांस बल्ली लगाकर अतिक्रमण कर लिया था। अतिक्रमण करने वालों की जानकारी नहीं मिली है। अतिक्रमण हटा दिया गया है। हरमैन शाह दरगाह पर ही आगे बांस-बल्ली लगाकर दरगाह के परिसर को बढ़ाने की कोशिश की गई थी। उन बांस-बल्लियों को भी हटाया गया। कार्रवाई करने पहुंची टीम ने बांस-बल्ली निकाली। उन्हें दरगाह के पास में ही रख दिया। कुछ देर बांस-बल्ली वहां से हटाई गई। परिसर में पुलिस बल तैनात है। दरगाह से अतिक्रमण हटाने के बाद कमेटी के लोग पैरामेडिकल साइंस के डीन डॉ. के.के. सिंह से मिलने के लिए पहुंचे।

> ■ प्रॉक्टर डॉ. आरएस कुशवाहा ने कहा- परिसर में किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर तीखा हमला, सपा के विकास कार्यों का किया जिक्र

# भाजपा सरकार माफियाओं की सरकार है : अखिलेश

महंगाई, भ्रष्टाचार और चुनाव आयोग के मुद्दे पर साधा निशाना

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार माफियाओं को संरक्षण देने वाली और भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार है। उनके अनुसार, बढ़ती महंगाई और टैक्स का बोझ आम जनता की कमर तोड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण रोजमर्रा की चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। हाल ही में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार महंगाई बढ़ने के बाद कीमतें कम नहीं होतीं और इसका सीधा असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपनी सरकार के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार ने प्रदेश में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की थीं। इनमें Agra–Lucknow Expressway का निर्माण, लोकभवन का निर्माण, विश्वस्तरीय कैंसर संस्थान की स्थापना और Gomti Riverfront परियोजना प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि नदियों की सफाई के लिए रिवरफ्रंट जैसे मॉडल पेश किए गए थे। इसके अलावा करीब 20 लाख छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए गए, 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाएं शुरू की गईं तथा 1090 महिला हेल्पलाइन की शुरुआत की गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों को फोरलेन सड़कों से जोड़ने जैसे कई फैसले भी सपा सरकार में लिए गए थे। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी ने आवाज नहीं उठाई होती तो बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटने की तैयारी थी। उन्होंने पूछा कि बड़ी संख्या में प्रिंटेड फार्म-7 कहां से आए और कई जगहों पर फर्जी हस्ताक्षरों से वोट कटवाने की कोशिश किसने की।

### बिजली परियोजनाओं को लेकर सरकार पर सवाल

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश में कई थर्मल पावर प्लांट लगाए गए थे। एटा, ललितपुर, कानपुर, झांसी और सोनभद्र जैसे जिलों में बिजली उत्पादन की बड़ी परियोजनाएं शुरू हुईं। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार अपने नौ साल के कार्यकाल में बिजली का एक भी नया पावर प्लांट स्थापित नहीं कर सकी।

> ■ विकास की बात करने वाली सरकार केवल दिखावे में लगी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री ट्रेन की रफ्तार देखकर ताली बजाते हैं, उनसे प्रदेश के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। -अखिलेश

### समाजवादी पार्टी को बदनाम करने का आरोप

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा समाजवादी पार्टी की छवि खराब करने के लिए साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा को बदनाम करने के उद्देश्य से एक गीत लॉन्च कराया गया है, जिसके खिलाफ पार्टी कानूनी कार्रवाई करेगी।

## 2000 फीट ऊंचाई पर अचानक डिस्प्ले बंद हुआ, धुआं भरा, लखनऊ में उतारा

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की शनिवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उन्होंने सुबह 10.45 बजे लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरी थी। 30 मिनट बाद ही हेलिकॉप्टर का डिस्प्ले अचानक बंद हो गया। अंदर धुआं भरने लगा।

पायलट ने तुरंत लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को सूचना दी। इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी। विमान तब तक 50 किमी दूर बछरावां तक पहुंच गया था। अनुमति मिलते ही पायलट ने वापस लखनऊ एयरपोर्ट की तरफ मोड़ दिया। एयरपोर्ट पर सुबह 11.15 बजे हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग करवाई। लैंडिंग तक हेलिकॉप्टर में काफी धुआं भर गया था। हेलिकॉप्टर से केशव समेत 6 लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा गया। केशव के हेलिकॉप्टर ने लखनऊ के ला मार्टिनियर स्कूल ग्राउंड से उड़ान भरी। यह ग्राउंड उनके आवास के पास ही है। हेलिकॉप्टर में केशव समेत 6 लोग थे- दो पायलट, एडवाइजर, एक क्लास फोर का स्टाफ और सिक्योरिटी। हेलिकॉप्टर 2000 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गया। तभी पायलट को विमान में गड़बड़ी का पता चला। ATC से परमिशन लेकर तुरंत विमान लखनऊ की तरफ मोड़ा।

### दूसरे हेलिकॉप्टर से कौशांबी पहुंचे केशव, बोले- आपकी दुआओं से बच गया

केशव मौर्य दूसरे हेलिकॉप्टर से कौशांबी पहुंचे। यहां उन्होंने दो दिवसीय सरस महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम में हेलिकॉप्टर दुर्घटना का जिक्र किया। कहा, मैं कौशांबी आ रहा था। रास्ते में हेलिकॉप्टर में अचानक खराबी आ गई थी, लेकिन मुझे कार्यक्रम में पहुंचना था। इसके बाद दूसरे हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई और आप सभी लोगों के आशीर्वाद से बच गया। मैं आपके सामने खड़ा हूं। आप सभी को प्रणाम।



### हेलिकॉप्टर यूपी सरकार का, नागरिक उड्डयन विभाग के पास जिम्मेदारी

केशव मौर्य जिस हेलिकॉप्टर से सफर कर रहे थे, वह यूपी सरकार का है। इसकी जिम्मेदारी नागरिक उड्डयन विभाग के पास है। ईशान प्रताप सिंह इस विभाग के निदेशक हैं। वह सीएम के विशेष सचिव भी हैं। केशव के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी 3 बार उनके हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ चुकी है।

> शुरुआती जांच में पता चला है कि हेलिकॉप्टर के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में कुछ समस्या थी। हालांकि, असली कारण जांच पूरी होने के बाद ही सामने आ पाएगा।

# इंदिरानगर में स्पोर्ट्स टीचर के घर 70 लाख की चोरी

## बहन से मिलने हैदराबाद गई थी

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । इंदिरानगर में स्पोर्ट्स टीचर के घर 70 लाख की चोरी हो गई है। घर की मालकिन हैदराबाद अपनी बहन के घर गई थी। अपनी दोस्त को पेड़ों में पानी और मछली को खाना देने के लिए चाभी देकर गई थी। इस दौरान चोरों ने मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता शिप्रा सिंह बाल विहार कॉलोनी फरीदी नगर की रहने वाली हैं। प्राइवेट स्कूल में स्पोर्ट्स टीचर हैं। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को वह अपने परिवार सहित हैदराबाद में रहने वाली बहन दीपांजलि सिंह के घर कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। उसी दौरान घर में चोरी हो गई। उन्होंने घर में पली मछलियों को खाना देने और पैड़-पौधों में पानी डालने के लिए चाभी अपनी दोस्त शुभाश्री रमन को दी थी। शुभाश्री घर की देखरेख करती थी। शुक्रवार को शाम करीब 4 शुभाश्री पानी और खाना देने पहुंची तो घर के ताल टूटे मिले। उन्होंने घबराकर शिप्रा को कॉल किया और चोरी की जानकारी दी। इस पर उन्होंने वीडियो कॉल करके देखा तो घर के ताले टूटे थे। बेड रूम में रखा बॉक्स और अलमारी टूटी पड़ी थी। उसमें से कीमती सामान गायब था। घटना की जानकारी होते शिप्रा रात करीब 10:30 बजे घर पहुंची।

## चर्चा : बगल की दुकान भी जली, लखनऊ में लोग बोले- किसी ने फूंक दिया

# जिस दुकान की बर्फ जीभ से चाटी, उसमें धमाका

तमसा संकेत, एजेंसी



■ गन्ने के रस की मशीन पर रखी बर्फ को बच्चे के जीभ से चाटने का वीडियो सामने आया था।

लखनऊ । लखनऊ के जानकी-पुरम में गन्ने के रस की एक दुकान में तेज धमाके के साथ आग लग गई। इस दुकान का एक वीडियो सामने आया था जिसमें एक बच्चा दुकान में रखी बर्फ को जीभ से चाटता दिखाई दे रहा था। चर्चा है कि इसी वजह से किसी ने दुकान में आग लगा दी।

हालांकि, आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। आग की चपेट में आने से बगल की रजाई-गद्दे की दुकान भी जल गई। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दोनों दुकानों का सारा सामान जलकर राख हो गया।

जानकीपुरम के मुलायम तिराहा स्थित गन्ने की दुकान में शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे धमाके के साथ आग लग गई। देखते-देखते ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। पास में रजाई-गद्दों की दुकान की वजह से आग और भड़क गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बक्शी का तालाब फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पहुंची। आग विकराल होने की वजह से दमकल की दूसरी गाड़ी भी बुलाई गई। दोनों गाड़ियों की मदद से करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दोनों दुकानों का सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकान में रसोई गैस सिलेंडर रखा था। गनीमत रही कि समय रहते उसे बाहर निकाल लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो जाता।

### दुकान फूंकने की बात आ रही सामने

आग लगने के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने कहा कि शुक्रवार दोपहर दुकान का 14 सेकेंड का एक वीडियो सामने आया था। आशंका है कि किसी ने गुस्से में आकर दुकान को आग के हवाले कर दिया। दरअसल, वॉट्सऐप ग्रुपों और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा था कि सड़क किनारे गन्ने के रस की दुकान है। जमीन पर मशीन लगी है। उसके आगे तखत रखा है। आगे सोलर पैनल लगा है। मशीन के गन्ने की खोई का ढेर लगा है। शाम का समय है। आसमानी शर्ट, खाकी पैंट और ग्रे टोपी पहने एक बच्चा गन्ने की मशीन पर रखी बर्फ जीभ से चाट रहा है।

### 10-12 साल से चला रहा था दुकान

महफूज अवनीश तिवारी की जमीन पर 10-12 साल से दुकान चले रहे थे। अवनीश ने बताया- जमीन पर बिल्डिंग बनानी है। एक महीने पहले महफूज से दुकान हटाने को कहा था। अब वीडियो वाला बवाल हो गया। वह दुकान हटाने के लिए सामान हटा रहा था। देर रात अराजकतत्वों ने आग लगा दी।



■ दुकान में रसोई गैस सिलेंडर रखा था।

# हैप्पी होली बोलने पर हत्या का आरोपी गया जेल

## बच्चों को पत्थर मारता था, लोग बोले- अपने बाप को मारकर नौकरी पाई थी

तमसा संकेत, एजेंसी



सूरज गौतम, मृतक

लखनऊ । दुबग्गा इलाके में हैप्पी होली कहने के विवाद में युवक की हत्या के आरोपी जीएसटी क्लर्क को लेकर चौंकाने वाली बात सामने आई है। लोगों ने आरोप लगाया है कि उसने पिता की नौकरी हासिल करने के लिए उनकी करीब 12 साल पहले हत्या कर दी थी। उनके शव का आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया था। सांत्वना देने पहुंचे लोगों को भगा दिया था।

बता दें कि 4 मार्च को होली के दिन दुबग्गा के बेगरिया गांव में सूरज गौतम (22) की जीएसटी क्लर्क मोहित तिवारी, उसकी मां रंजना और बहन शिवानी ने चाकू से ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी थी। पुलिस ने 5 मार्च को तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

मामले में मृतक के परिजनों, ग्रामीणों और पुलिस से बातचीत की तो ये बातें सामने आईं। पता चला कि आरोपी गांव में किसी से संबंध नहीं रखता था। यदि बच्चे भी उसके घर के सामने खेलते-खेलते पहुंच जाते थे, तो उन्हें भी पत्थर मारकर भगा देता था।

गांव निवासी पवन ने बताया- मोहित तिवारी के पिता सेल्स टैक्स विभाग में तैनात थे। उनकी मौत के बाद मोहित को अनुकंपा पर उनकी जगह नौकरी मिली है। वह इस समय वाराणसी में जीएसटी विभाग में क्लर्क है। जब उसके पिता की मौत हुई थी तो बहुत अजीबो-गरीब स्थिति देखने को मिली थी।

### जनपद की पांचों तहसीलों में लगा समाधान दिवस, 259 शिकायतें प्राप्त, 25 का मौके पर निस्तारण

# संपूर्ण समाधान दिवस : अनुपम शुक्ला ने सुनीं जनसमस्याएं

आयोजन

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। माह के प्रथम शनिवार को शासन के निर्देशानुसार सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील अकबरपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने की, जहां उन्होंने जनसामान्य की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान प्राप्त शिकायतों में से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया। जनपद की अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील भीटी में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इसके अलावा तहसील टांडा, जलालपुर और आलापुर में भी संबंधित अधिकारियों की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इन सभी तहसीलों में नागरिकों ने राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, जलापूर्ति और अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं रखीं। जनपद की सभी पांचों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 259 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 25 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

#### अनावश्यक चक्कर से बचाने पर जोर

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गंभीरता से परीक्षण करें और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखना आवश्यक है, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

#### अकबरपुर तहसील में 52 शिकायतें, चार का मौके पर निस्तारण

तहसील अकबरपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 52 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी की मौजूदगी में इनमें से चार मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा के भीतर पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### चार तहसीलों में 207 शिकायतें दर्ज

भीटी, टांडा, जलालपुर और आलापुर तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 207 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 21 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनने के साथ ही कई मामलों में मौके पर जांच के निर्देश भी दिए।

# बिजली की समस्या : वार्डवासियों ने बिजली विभाग का ध्यान खींचा

### आदित्य प्रताप के नेतृत्व में दर्जनों निवासी अधिशासी अभियंता से मिले

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । अकबरपुर नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 22 कृष्णा नगर में बिजली की लगातार समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों में आक्रोश बढ़ गया है। शनिवार को वार्ड के सभासद आदित्य प्रताप के नेतृत्व में दर्जनों स्थानीय निवासी विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कृष्णा नगर इलाके में पिछले कई महीनों से बिजली की आपूर्ति अनियमित बनी हुई है। कई बार घंटों तक बिजली गुल रहती है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर गर्मी बढ़ने के साथ लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अधिशासी अभियंता ने सभासद और स्थानीय निवासियों की बातों को गंभीरता से सुना और समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय टीम को क्षेत्र में भेजकर बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का निरीक्षण कराया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे और उन्होंने क्षेत्र में बिजली की समस्या की गंभीरता को उजागर किया। अधिशासी अभियंता ने सभी निवासियों से सहयोग करने का आग्रह किया और बताया कि समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

#### लो वोल्टेज की समस्या से उपकरणों में दिक्कत

स्थानीय निवासियों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इसके कारण घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक और घरेलू उपकरण सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। सभासद आदित्य प्रताप ने अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर वार्ड के लोगों की समस्याओं को विस्तार से बताया। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाए ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके।

फास्ट न्यूज

### मेडिकल कॉलेज में भर्ती महिला को मिला रक्त

अम्बेडकरनगर । मेडिकल कॉलेज सदरपुर में भर्ती एक महिला को समय पर रक्त मिलने से उपचार में राहत मिली। जानकारी के अनुसार अयोध्या जिले के ग्राम दशलावन मनऊपुर निवासी नाजमा की तबीयत खराब होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सदरपुर लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में जांच के दौरान चिकित्सकों ने महिला के शरीर में रक्त की कमी बताई और तत्काल रक्त की आवश्यकता जताई।

### बेवाना थाने में विवेचकों का ओआर

अम्बेडकरनगर । पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के निर्देश पर शुक्रवार को थाना बेवाना में विवेचकों का ओआर (ऑर्डरली रूम) आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर नितीश कुमार ने विवेचना से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में थाना बेवाना के विवेचकों द्वारा दर्ज मुकदमों की विवेचना की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई। क्षेत्राधिकारी ने लंबित विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### मीना मंच के तहत विद्यालय में शैक्षिक व रचनात्मक गतिविधियां आयोजित

अम्बेडकरनगर । जलालपुर क्षेत्र स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती भियांव में मीना मंच के अंतर्गत विभिन्न शैक्षिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ जागरूकता और रचनात्मकता से जुड़ी कई गतिविधियां कराई गईं।

## फर्जी राशन कार्डों की जांच हो तो 80 करोड़ से घटकर 30 करोड़ रह जाएंगे लाभार्थी

तमसा संकेत, संवाददाता



अकबरपुर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता, राशन व्यवस्था और सपा पर साधा निशाना

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर सर्किट हाउस में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने देश में बड़ी संख्या में फर्जी राशन कार्ड होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि यदि राशन कार्डों की व्यापक और निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वर्तमान में बताए जा रहे लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों की संख्या घटकर करीब 30 करोड़ तक रह सकती है।

राजभर ने कहा कि कई लोग फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। उनके अनुसार ऐसे लोगों में वे भी शामिल हैं जिनके पास जमीन, मकान, बंगले और गाड़ियां मौजूद हैं। इसके बावजूद उन्होंने पात्रता के मानकों के विपरीत राशन कार्ड बनवा लिए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान राजभर ने आरोप लगाया कि कई अपात्र लोग राशन कार्ड के माध्यम से मिलने वाले अनाज का गलत तरीके से उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सरकारी राशन को अपने पशुओं को खिला देते हैं, जबकि कई मामलों में इसे खुले बाजार में बेचने की भी शिकायतें सामने आती हैं। राजभर के अनुसार यदि राशन कार्डों की सही तरीके से जांच कराई जाए तो वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान स्पष्ट हो जाएगी और सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंच सकेगा।

राजभर ने बताया कि प्रदेश में पहले भी फर्जी राशन कार्डों की जांच की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

# तेल और ईंधन की कोई कमी नहीं अफवाह फैलाने वालों पर चेतावनी

### जनपद में ऑयल, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी और नियमित

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपद में तेल (ऑयल) की पर्याप्त उपलब्धता की पुष्टि की है और कहा कि जनपद में निर्धारित रेट पर ही ऑयल मिलेगा। इससे पहले जिला पूर्ति अधिकारी शिवकांत पांडेय ने पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति को लेकर साफ किया था कि जिले में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है।

जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों और बैंक शाखाओं को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और अन्य वितरण से संबंधित लंबित मामलों को तय समय-सीमा में निस्तारित किया जाए। डीपीओ ने सभी पेट्रोल पंप मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ग्राहकों को बोतल, पीपा या ड्रम में पेट्रोल या डीजल न बेचा जाए। इसके साथ ही पंपों से रोजाना बिक्री का विवरण जिला पूर्ति अधिकारी को ईमेल या व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की जमाखोरी, गलत बिक्री या भ्रामक सूचना फैलाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी और डीपीओ ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल विश्वसनीय स्रोतों से जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिले में तेल और ईंधन की आपूर्ति सामान्य है और प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है ताकि जनता में अनावश्यक घबराहट न फैले। जिलाधिकारी ने सभी विभागों, बैंकों और पेट्रोल पंप अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्तर से सभी लंबित कार्यों और वितरण को समय-सीमा में सुनिश्चित करें।

# जहांगीरगंज टैक्सी स्टैंड की नीलामी में रिकॉर्ड

तमसा संकेत, संवाददाता



7 लाख से शुरू हुई बोली आठवें राउंड में 35.40 लाख पर पहुंची

अम्बेडकरनगर । नगर पंचायत जहांगीरगंज में शनिवार को टैक्सी स्टैंड के संचालन के लिए आयोजित खुली नीलामी में रिकॉर्ड बोली लगाई गई। नीलामी की शुरुआत 7 लाख की निर्धारित प्रारंभिक दर से हुई और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंतिम राउंड में स्थानीय ठेकेदार संतोष दुबे ने 35 लाख 40 हजार की सर्वाधिक बोली लगाकर ठेका अपने नाम कर लिया।

नगर पंचायत प्रशासन के अनुसार बोली प्रक्रिया कुल आठ चरणों तक चली। प्रत्येक चरण में बोलीदाताओं के बीच प्रतिस्पर्धा तेज होती गई। अंतिम चरण में संतोष दुबे की बोली सबसे अधिक रहने के बाद नियमानुसार टैक्सी स्टैंड के संचालन का ठेका उनके नाम आवंटित कर दिया गया। नगर पंचायत जहांगीरगंज के गठन के बाद पहली बार टैक्सी स्टैंड के संचालन के लिए खुली नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई। नगर पंचायत का गठन लगभग सात वर्ष पहले हुआ था, लेकिन शुरुआती वर्षों में संसाधनों की कमी के कारण बड़े राजस्व स्रोत विकसित नहीं हो पाए थे। पिछले वर्ष नगर पंचायत को नया प्रशासनिक भवन मिलने के बाद प्रशासन ने राजस्व बढ़ाने और नगर क्षेत्र में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयास तेज किए। इसी क्रम में नगर क्षेत्र में संचालित टैक्सी और अन्य सवारी वाहनों के संचालन को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से टैक्सी स्टैंड के संचालन के लिए खुली नीलामी कराई गई।

# होली पर अंबेडकरनगर में शराब की रिकॉर्ड बिक्री

### त्योहार से एक दिन पहले और बाद में दुकानों पर उमड़ी भारी भीड़

तमसा संकेत, संवाददाता



3.50 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज

अंबेडकरनगर । रंगों के त्योहार होली के अवसर पर शराब की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई। महज दो दिनों में लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये की शराब बिकी, जो सामान्य दिनों की तुलना में दोगुनी से तिगुनी अधिक है। इस अप्रत्याशित बिक्री से आबकारी विभाग को भी अच्छा खासा राजस्व प्राप्त हुआ है।

जानकारी के अनुसार जिले में होली का त्योहार 4 मार्च को मनाया गया। इसके एक दिन पहले, 3 मार्च को शराब की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से देर रात तक दुकानों पर लंबी कतारें लग गईं और कई दुकानों पर अंग्रेजी शराब के लोकप्रिय ब्रांड तेजी से समाप्त हो गए। लोग अपनी पसंद के ब्रांड की तलाश में एक दुकान से दूसरी दुकान भटकते नजर आए। होली के दिन प्रशासनिक निर्देशों के तहत सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शराब की दुकानें बंद रहीं। हालांकि, शाम होते ही बिक्री ने फिर से रफ्तार पकड़ ली। दुकानें खुलते ही खरीदारों की भीड़ उमड़ गई और देर रात तक बिक्री जारी रही। इस दौरान अधिकांश दुकानों में पहले से रखे गए अतिरिक्त स्टॉक भी तेजी से समाप्त हो गए। त्योहार के अगले दिन गोदामों पर असामान्य हलचल देखी गई। दुकानदार माल उठाने के लिए गोदामों पर पहुंचे, क्योंकि कई दुकानों का स्टॉक लगभग खत्म हो चुका था। विशेष रूप से अंग्रेजी शराब की मांग सबसे अधिक रही। दुकानदारों ने बताया कि त्योहार के अवसर पर अतिरिक्त स्टॉक तैयार रखने के बावजूद इस बार बिक्री अपेक्षा से अधिक रही। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश सिंह ने बताया कि होली के अवसर पर जिले में लगभग 3.50 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री दर्ज की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शराब की बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में दोगुनी से तिगुनी तक पहुंच जाती है।

### निर्देश : ग्राम पंचायतों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर जोर

# स्वच्छता कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा की

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।


बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत संचालित गतिविधियों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालयों की जियोटैगिंग, लाभार्थियों के आवेदनों के निस्तारण, रेट्रोफिटिंग कार्यों, सामुदायिक शौचालयों की क्रियाशीलता, आरआरसी सेंटरों के संचालन तथा ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सामुदायिक शौचालयों के संचालन और रखरखाव पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी संचालित सामुदायिक शौचालयों के केयरटेकरों का मानदेय शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वहीं जो शौचालय संचालित नहीं हैं, उनके संबंध में मानदेय भुगतान न किए जाने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा उन्होंने आरआरसी सेंटरों के संचालन को प्रभावी बनाने और सभी ग्राम पंचायतों में नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने चिन्हित 500 ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बाला पेंटिंग और पोषण वाटिका से जुड़े कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

#### शौचालय निर्माण और सत्यापन पर जोर

बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी डीआरडीए तथा जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल सिंह ने जानकारी दी कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के फेज-1 के तहत वर्ष 2014 से 2021 तक जनपद में कुल 2,94,933 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया गया। वहीं फेज-2 के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से अब तक 62,959 लाभार्थियों के व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन लाभार्थियों के खातों में शौचालय निर्माण की पहली और दूसरी किस्त की धनराशि भेजी जा चुकी है, उनके निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति का सत्यापन अवश्य कराया जाए। साथ ही सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शौचालय निर्माण से संबंधित लंबित आवेदनों का सात दिन के भीतर सत्यापन कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



# सम्पादकीय

## रूस से तेल खरीद की छूट उदारता नहीं बल्कि मजबूरी



अमेरिकी प्रशासन ने भारत को रूस से एक माह तक तेल खरीदने की जो कथित छूट दी, उससे कुछ ऐसा ध्वनित हो रहा है कि यह तय करने का अधिकार उसने अपने हाथ ले लिया है कि कौन देश किससे, कब तेल खरीद सकता है और कौन नहीं? उसके पास ऐसा कोई अधिकार न था, न है और न हो सकता है, लेकिन यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के बहाने वह लंबे समय से भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाए हुए है। उसने भारत पर रूस से तेल खरीदने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा, पर भारत ने इसकी परवाह नहीं की। आखिरकार उसने अपने स्तर से ही भारत से अंतरिम व्यापार समझौता पर सहमति बन जाने की घोषणा करते हुए पारस्परिक टैरिफ 25 से 18 प्रतिशत किया और रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को खत्म किया। वास्तव में वह ऐसा करने के लिए बाध्य हुआ, क्योंकि भारत ने यूरोपीय संघ से सभी व्यापार समझौते की जननी कहे जाने वाला व्यापार समझौता कर उसे यह संदेश दिया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। सच यह भी है कि भारत ने रूस से तेल खरीद पूरी तौर पर कभी भी बंद नहीं की। जनवरी और फरवरी माह में भी उसने रूस से तेल खरीदा। इसके अलावा भारत बार-बार यह भी दोहराता रहा है कि वह अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए रूस समेत कहीं से भी तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है। आखिर जब भारत रूस से तेल खरीद ही रहा है तो फिर अमेरिका के यह कहने का क्या मतलब कि वह भारत को उससे 30 दिन के लिए तेल खरीदने की छूट दे रहा है? अमेरिका ने तथाकथित उदारता दिखाते हुए भारत को रूस से तेल खरीदने की जो मंजूरी दी, वह उसकी मजबूरी का ही परिचायक है। वह जानता है कि ईरान से युद्ध के कारण पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित हो रही है और उनके दाम भी बढ़ रहे हैं। इससे समूची विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष जो संकट पैदा होगा, उसके दुष्प्रभाव से वह भी नहीं बच पाएगा। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि तेल एवं गैस की आपूर्ति का जो वैश्विक संकट खड़ा हो गया है, उसके लिए मूलतः अमेरिका ही जिम्मेदार है। यदि वह इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला नहीं करता तो होर्मुज जल मार्ग से तेल की आपूर्ति बाधित नहीं होती। यह अमेरिका की जिम्मेदारी है कि वह उक्त जल मार्ग से पश्चिम एशियाई देशों से आने वाले तेल की आपूर्ति की बाधाओं को दूर करे, लेकिन फिलहाल वह इसमें समर्थ नहीं दिख रहा है, क्योंकि ईरान हार मारने को तैयार नहीं। अच्छा हो कि अमेरिका इस मुगालते से बाहर आए कि वह हर मामले में न तो अपनी ही चला सकता है और न ही अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा व्यापार पर एकाधिकार कर सकता है। उसे यह भी आभास हो जाए तो अच्छा कि ईरान वेनेजुएला नहीं है।

## अब बिन नीतीश के बिहार की राजनीति किस दिशा में ?



अब बिन नीतीश के बिहार के राजनीति किस दिशा में जायेगी ? यह समय के गर्त में है। बिहार की राजनीति में नीतीश एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित हैं जिन्होंने समय-समय पर अपने राजनीतिक फैसलों से राष्ट्रीय राजनीति को भी प्रभावित किया है। लंबे समय से राज्य की सत्ता में बने रहने वाले नीतिश कुमार को एक ओर सुशासन और विकास के लिए सराहा जाता है, तो दूसरी ओर बार-बार बदलते राजनीतिक गठबंधनों के कारण आलोचना का भी सामना करना पड़ता है। वहीं भारतीय राजनीति के उन नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने लंबे समय तक अपने राज्य की राजनीति को दिशा दी है। वे विकास, सुशासन और सामाजिक संतुलन की राजनीति के लिए जाने जाते रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में उनकी राजनीतिक रणनीतियों और लगातार बदलते गठबंधनों ने कई सवाल भी खड़े किए हैं। फिर से एक बार राज्यसभा में जाना उनका फिर से सत्ता में हस्तातांतरण होना कर किसी को पच नहीं रहा । एक ही दिन में होली के दिन यकायक ईरान - इजरायल जंग के बीच बिहार से ऐसी खबर आई जिससे देश की राजनीति में भी आने वाले दिनों में कुछ देखने को मिलेगा?

● सौरभ वार्ष्णेय

# नेपाल को किस तरफ ले जायेगा नया नेतृत्व

> एक्सपर्ट बोले कि मुझे ऐसा लगता है कि बालेन शाह की उम्र, उनका काम और उनका बैकग्राउंड यूथ को बहुत अपील करता है, और जेन-जी प्रोटेस्ट के बाद से तो उनका रोल बहुत ही इंपॉर्टेंट हो गया है। अगर बालेन शाह आगे बढ़कर पीएम बनते हैं, जैसा कि लग रहा है कि ऐसा हो सकता है।



राजघरानों, कम्युनिस्टों और पारंपरिक राजनीतिक पार्टियों के आस-पास घूमने वाली सरकार अब एक युवा नेता Balen Shah के हाथों में जा रही है। काठमांडू के मेयर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी यानी RSP आम चुनाव परिणाम में भारी बढ़त के साथ नेपाल की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत कर रही है। अब तक प्राप्त समाचारों के अनुसार 275 सदस्यीय संसद के लिए हुए चुनाव में प्रत्यक्ष मतदान वाली 165 सीटों की गिनती में आरएसपी ने जबरदस्त बढ़त हासिल कर ली है। शुक्रवार देर रात तक पार्टी लगभग 115 सीटों पर आगे चल रही थी। इस स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि बालेन शाह का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय हो गया है। यदि यही रुझान अंतिम परिणामों में बदलते हैं तो यह नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव होगा। बताया जाता है कि Gen-Z प्रदर्शन, करप्शन के खिलाफ गुस्सा और सोशल मीडिया की ताकत ने नेपाल में एंटी-इनकम्बेंसी को जन्म दिया। लेकिन नए नेता Balen Shah ने देश की सत्ता में शीर्ष तक पहुंचने की यह यात्रा इतनी तेजी से कैसे तय की? पुराने नेता क्यों चूक गए? और सबसे बड़ा सवाल इस नई, युवा और मुखर लीडरशिप के आने से भारत-नेपाल संबंधों पर क्या असर पड़ेगा? इन तमाम ज्वलंत मुद्दों और नेपाल की सियासत के बदलते समीकरणों को समझने के लिए मीडिया ने साउथ एशिया मामलों के एक्सपर्ट से बात की, जिसमें उन्होंने बेहद तार्किक ढंग से समझाया है कि नेपाल की सत्ता में कोई भी आए, लेकिन अर्थव्यवस्था और रेमिटेंस जैसी जरूरतों के चलते वह चाहकर भी भारत के रोल को नजरअंदाज नहीं कर सकता। समाचारों के अनुसार बालेन शाह का उभरना और आज की जो कंटेंपरेरी वर्ल्ड पॉलिटिक्स है, जिसमें हम कहते हैं कि टेक्नोलॉजी का रेवोल्यूशन बहुत तगड़ा रोल प्ले करता है; तो बालेन शाह की पूरी कैरेक्टरिस्टिक्स वैसी ही हैं। अभी वो सिर्फ 35 साल के हैं, लेकिन पब्लिक लाइफ में उनका आना 2013 में हुआ था, जब उन्होंने अपना रैप किया था। वैसे तो बहुत लोग रैप करते हैं, लेकिन रैप की जो अपनी हिस्ट्री है कि रैप इसी ट्रेडिशन में आया ही था कि मेनस्ट्रीम के अगेंस्ट जाकर करप्शन और बाकी सारी चीजों के खिलाफ आवाज उठाई जाए। नेपाल में इस चुनावी उलटफेर के पीछे तीन प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से जनता की नाराजगी, युवा मतदाताओं का पुराने नेताओं से मोहभंग और बालेन शाह द्वारा नई राजनीति और बदलाव का वादा। नेपाल में कुल लगभग 1 करोड़ 89 लाख मतदाता हैं और 275 सीटों के लिए मतदान हुआ है। प्रत्यक्ष मतदान की 165 सीटों में आरएसपी को दो-तिहाई बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है। इसके अलावा समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली की 110 सीटों की गिनती अभी जारी है। रुझानों के आधार पर माना जा रहा है कि आरएसपी को वहां भी 50 से अधिक सीटें मिल सकती हैं। अगर ऐसा होता है तो नेपाल के इतिहास में करीब 36 साल बाद किसी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत ही नहीं बल्कि प्रचंड बहुमत भी मिलेगा। इससे देश में राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद बढ़ी है और नई सरकार से लोगों की अपेक्षाएं भी काफी ज्यादा हो गई हैं। गौरतलब है कि नेपाली राजनीति में राजघराने का एक इम्पैक्ट रहता है। लेकिन अगर हम आइडियोलॉजी वाइज देखें, तो जो सेंट्रिस्ट पार्टियां हैं, जैसे नेपाली कांग्रेस है, उनका एक धड़ा मतलब एक तरह से ऐसी पार्टी है जो सेंट्रिस्ट पार्टी कहलाती है, जिनकी लिबरल पॉलिसीज के बारे में हम समझते हैं। दूसरी तरफ, माओवादी और कम्युनिस्ट पार्टियां मिलकर हैं, जिन्हें ओली या प्रचंड लीड करते हैं। तो नेपाल में एक तरफ हमारे पास ऐसी पार्टियां थीं जिन्हें आप जनरलाइज करने के लिए वामपंथी कह लें, और दूसरी तरफ सेंट्रिस्ट-राइट पार्टियां थीं। उन्होंने कहा, 'अब बालेन शाह की जो पार्टी है, RSP, वह भी एक सेंट्रिस्ट पार्टी है। तो इसका मतलब ये है कि वे नेशनलिस्ट होंगे, लेकिन ग्लोबलाइजेशन के साथ जाएंगे और लिबरल पॉलिसीज के साथ जाएंगे। इसका मतलब ये भी है कि वे फॉरेन पॉलिसी में कोऑपरेशन और कम्पटीशन को जरूर प्रेफर करेंगे। तो जैसे नेपाली कांग्रेस के समय पर अमूमन चीजें रहती हैं, मैं ऐसा समझता हूं कि चुनाव जीतकर अगर RSP पार्टी सत्ता में आती है, या अगर गठबंधन भी होता है, तो भी लीडरशिप उनकी ही होनी चाहिए। मेरे ख्याल से बाकी सारी चीजों में उनकी लिबरल पॉलिसीज ही होंगी।' एक्सपर्ट कहते है कि दिल्ली में जब आम आदमी पार्टी पहली या दूसरी बार सरकार में आई थी, तो जिस तरह का रिटोरिक चलता था और जैसा सोशल मीडिया-पब्लिक सपोर्ट था यानी एक नए तरह की राजनीति करने की जो कोशिश थी, वह बालेन शाह के साथ भी जरूर जाएगी। एक्सपर्ट के अनुसार, 'नेपाल की राजनीति में अगर आप पिछले 11-15 साल में देखें तो करीब 13-14 से ज्यादा सरकारें आ चुकी हैं। और जब GenZ प्रोटेस्ट हुआ, तो उस प्रोटेस्ट की वजह से जो सरकार गिरी, वह एक तरह से चुनी हुई सरकार थी; उसके पास भारी मेजॉरिटी थी। वह एक गठबंधन सरकार थी। वहां वामपंथी सरकार को नेपाली कांग्रेस का सपोर्ट भी था। फिर करप्शन का पूरा मुद्दा बनाया गया और सोशल मीडिया पर बैन जैसी चीजें भी हुईं।' किसी भी देश में, और हम नेपाल की बात तो करेंगे ही, वहां भी यूथ का जो रोल है, खासकर आज का इंटरकनेक्टेड यूथ, जो सिर्फ अपने देश तक सीमित नहीं रहता बल्कि सोशल मीडिया की वजह से पूरी दुनिया से कनेक्ट होता है। दुनिया में क्या चल रहा है और आगे क्या आकांक्षाएं हैं, उनके साथ यूथ बहुत कनेक्ट होता है; उसकी अपनी भी एस्पिरेशन्स होती हैं।' एक्सपर्ट के कहने के अनुसार 'राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी' एक सेंट्रिस्ट पार्टी है। इसलिए उन्हें भारत सरकार के साथ अपने संबंध अच्छे रखने ही होंगे। हालांकि, वे अपनी डिमांड्स को लेकर बहुत स्पष्ट और तेज होंगे, जिस पर हमें ध्यान देना पड़ेगा। लेकिन मुझे ऐसा लगता है।

■ अशोक भाटिया

## वह ईरान की नागरिक...

राजेश श्रीवास्तव

# दोस्ती से दुश्मनी तक : जिस ईरान ने ही दी थी इजरायल को मान्यता, वहीं कैसे बन बैठा दुश्मन



इजरायल और ईरान के बीच आज की दुश्मनी की जड़ें इतिहास की गहराइयों में कहीं दफन हैं। साल 1948 में इजरायल की स्थापना के समय, तुर्की के बाद ईरान दूसरा मुस्लिम बहुल देश था जिसने इजरायल को देश के रूप में मान्यता दी थी। उस दौर में दोनों देशों के रिश्ते अच्छे थे लेकिन समय के साथ सब कुछ उलटा होता चला गया। अमेरिका और इजरायल साथ मिलकर ईरान पर लगातार हमले कर रहे हैं। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत भी हो चुकी है। जवाबी कार्रवाई के दौरान ईरान ने इजरायल, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, कुवैत समेत कई देशों पर मिसाइलें दाग दी। जिसके चलते तनाव और अधिक बढ़ गया है। इस युद्ध से दुनियाभर के लोग दहशत में आ गए हैं। अब सवाल यह है कि आखिर मध्य-पूर्व के दो देशों के बीच की दोस्ती दुश्मनी में कैसे बदल गई? आइए समझते हैं पीछे की कहानी। दरअसल 1979 तक इजरायल और ईरान के संबंध दोस्ताना थे। ईरान तब पहलवी वंश के शाहों के अधीन एक राजतंत्र था और अमेरिका का प्रमुख सहयोगी भी था। इजरायल के संस्थापक डेविड बेन-गुरियन ने अरब पड़ोसियों की नाराजगी के बावजूद ईरान से दोस्ती की नींव रखी थी। हालांकि, ईरान ने 1948 में फिलिस्तीन विभाजन योजना का विरोध किया था। फिर भी, उसने इजरायल को मान्यता दी लेकिन 1979 में अयातुल्लाह खुमैनी की इस्लामिक क्रांति ने सब कुछ बदल कर रख दिया। क्रांतिकारियों ने शाह की सत्ता उखाड़ फेंकी और इस्लामी गणराज्य स्थापित किया। खुमैनी ने खुद को 'पीड़ितों का रक्षक' बताया, साथ ही अमेरिका और इजरायल के 'साम्राज्यवाद' को खारिज कर दिया। नई सरकार ने इजरायल से सभी संबंध तोड़ दिए, इजरायली पासपोर्ट अमान्य कर दिए और तेहरान के दूतावास को फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (पीएलओ) को सौंप दिया जो फिलिस्तीन राष्ट्र की मांग के लिए संघर्ष कर रहा था। इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप सेंटर में ईरान प्रोग्राम के निदेशक अली वेज के मुताबिक इजरायल विरोध नई ईरानी सरकार की मूल नीतियों का हिस्सा था। उस समय ईरान के कई नेता फिलिस्तीनियों के साथ लेबनान में गुरिल्ला युद्ध में शामिल रहे थे जिससे उनकी सहानुभूति गहरी थी। नया ईरान खुद को इस्लामी ताकत के रूप में पेश करना चाहता था। इसी वजह से उसने फिलिस्तीनी मुद्दे को उठाया जिसे अधिकतर अरब मुस्लिम देशों ने उस वक्त पीछे छोड़ दिया था। खुमैनी ने फिलिस्तीनी मुद्दे पर दावा जताया और तेहरान में बड़े प्रदर्शन आम हो गए। इजरायल में ईरान विरोध 1990 के दशक तक मजबूत नहीं हुआ क्योंकि तब सद्दाम हुसैन का इराक बड़ा खतरा था। इजरायल ने 'ईरान-कॉन्ट्रा' डील में भी भूमिका निभाई, जहां अमेरिका ने ईरान को इराक युद्ध में हथियार दिए थे लेकिन बाद में इजरायल ने ईरान को अस्तित्व के खतरे के रूप में देखा। ईरान ने सऊदी अरब जैसे विरोधियों से बचने के लिए 'एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस' नेटवर्क बनाया, जिसमें हिजबुल्लाह जैसे संगठन शामिल हैं, जो लेबनान से यमन तक फैले हैं। इजरायल ने इन पर हमले किए, जिन्हें 'शैडो वॉर' कहा जाता है जहां दोनों आधिकारिक पुष्टि किए बिना कार्रवाई करते हैं। इजरायल का मुख्य फोकस ईरान का परमाणु कार्यक्रम रोकना है। वह ईरान की नागरिक उद्देश्य वाली दलील को खारिज करता है। 'स्टक्सनेट' वायरस से ईरान की सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया गया। ईरान ने वैज्ञानिकों की हत्याओं के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया जैसे 2020 में मोहसिन फखरीजादेह की हत्या।

## चीन की ऊर्जा...

रामस्वरूप रावतसरे

# मलक्का स्ट्रेट में दबदबा बढाने के लिए भारत का अंडमान-निकोबार पायलट प्रोजेक्ट




अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारत ने बड़े स्तर पर हवाई ढाँचे के विस्तार की योजना शुरू कर दी है। इस योजना का मकसद एक ओर पर्यटन और विकास को बढ़ावा देना है, तो दूसरी ओर हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों का जवाब देना भी है। द्वीप समूह के प्रशासक एडमिरल डीके जोशी ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस पूरी योजना की टाइमलाइन और उद्देश्य को स्पष्ट किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह नया हवाई अड्डा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सबसे दक्षिणी हिस्से ग्रेट निकोबार द्वीप पर बनाया जाएगा। यह स्थान मलक्का जलडमरूमध्य से करीब 40 समुद्री मील की दूरी पर बताया जा रहा है। मलक्का जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है और यहाँ से वैश्विक व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। चीन के अधिकतर ऊर्जा आयात भी इसी मार्ग से आते हैं। जानकारी के अनुसार करीब 15,000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह हवाई अड्डा 2 रनवे वाला होगा और यहाँ बड़े सैन्य और नागरिक विमान उतर सकेंगे। एडमिरल जोशी ने कहा योजना के अनुसार लगभग 3 साल में यहाँ से पहली उड़ान शुरू हो जाएगी। यह परियोजना रक्षा मंत्रालय के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाई जा रही है। जानकारी के अनुसार मलक्का जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे व्यस्त और रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है। यह संकरा समुद्री रास्ता हिंद महासागर को दक्षिण चीन सागर से जोड़ता है और इसी के जरिए एशिया, यूरोप, मध्य-पूर्व और अफ्रीका के बीच बड़े पैमाने पर व्यापार होता है। अनुमान है कि वैश्विक समुद्री व्यापार का लगभग एक तिहाई हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। भौगोलिक दृष्टि से यह मलक्का जलडमरूमध्य, मलेशिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया के बीच स्थित है। इसकी चौड़ाई कुछ स्थानों पर केवल 2.8 किलोमीटर तक रह जाती है, जिससे यह क्षेत्र सामरिक रूप से बेहद संवेदन-शील बन जाता है। यदि किसी कारणवश यह मार्ग अवरुद्ध हो जाए तो पूरी दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला पर तत्काल और गहरा प्रभाव पड़ सकता है। इसी वजह से दुनिया की बड़ी शक्तियाँ इस क्षेत्र पर करीबी नजर रखती हैं। जानकारों का कहना है कि पिछले एक दशक में चीन ने अपनी समुद्री शक्ति में उल्लेखनीय विस्तार किया है। चीन की ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया और अफ्रीका से आता है, जो मलक्का जलडमरूमध्य के रास्ते ही चीन पहुँचता है। इस निर्भरता को कई विश्लेषक 'मलक्का दुविधा' के रूप में देखते हैं यानि अगर इस मार्ग पर नियंत्रण या अवरोध हो जाए तो चीन की ऊर्जा सुरक्षा पर गंभीर संकट आ सकता है।

# जरा हटके

## भारत ने ईरानी नेता...

राजेश कुमार पासी

# ईरान के लिए कांग्रेस इतनी दुखी क्यों है



जब से अमेरिका और इसराइल ने ईरान पर हमला किया है, तब से पूरी कांग्रेस गहरे दुःख में डूबी हुई है। कांग्रेस की प्रतिक्रिया से ऐसा लग रहा है कि जैसे देश पर ही हमला हो गया हो। मेरा तो मानना है कि अगर देश पर हमला हो जाये, तब भी कांग्रेस इतनी दुःखी नहीं हो सकती, जितनी ईरान पर हमले से दुःखी नजर आ रही है । कांग्रेस की प्रतिक्रिया से यह संदेश निकल रहा है कि भारत को ईरान के पक्ष में इजराइल और अमेरिका पर हमला कर देना चाहिए। सवाल यह है कि क्या ईरान भारत का इतना बड़ा दोस्त है कि उसके लिए अपनी बर्बादी को आमंत्रित करके देश को युद्ध की आग में झोंक दिया जाए। ईरान पर हमले के विरोध में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने एक लेख लिखा है, जो देश के कुछ प्रमुख समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित किया गया है। इस लेख के माध्यम से केंद्र सरकार पर निशाना साधा गया है कि वो ईरान के प्रति अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। सोनिया गांधी कई बार लेख लिख चुकी है और ज्यादातर इस्लामिक मुद्दों पर ही लिखे गए हैं। उन्होंने मोदी सरकार को गाजा की समस्या के लिए भी कई बार घेरा है। अजीब बात है कि उन्हें देश में कोई समस्या नजर नहीं आती, जिसके लिए वो लेख लिखें। जो कांग्रेस दिन-रात मोदी सरकार को कोसती रहती है, उसे देश में कोई समस्या नहीं दिखाई देती। विपक्ष का काम है कि वो सरकार का विरोध करे, लेकिन विरोध का मुद्दा तो कम से कम देशहित और लोकहित होना चाहिए। भारत ने ईरानी नेता खामनेई की मौत पर शोक व्यक्त कर दिया है, लेकिन इससे कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता है। वास्तव में कांग्रेस चाहती है कि भारत सरकार अमेरिका और इजराइल के हमले की खुलकर निंदा करे। भारत हमेशा युद्ध का विरोध करता रहा है और इस युद्ध को भी रोकने की मांग कर रहा है। कांग्रेस की मांग यह है कि प्रधानमंत्री मोदी खुद सामने आकर इजराइल और अमेरिका को ईरान पर हमले के लिए जिम्मेदार मानते हुए उनकी आलोचना करें। मोदी ऐसा करने वाले नहीं हैं, क्योंकि उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं है। मोदी ने ईरान की भी आलोचना नहीं की है, क्योंकि भारत अभी तक इस युद्ध में तटस्थ बना हुआ है। अगर मोदी अमेरिका और इजराइल की आलोचना करते हैं तो उससे देश को कोई फायदा नहीं होने वाला है और ईरान को भी कुछ मिलने वाला नहीं है। ईरान के सबसे बड़े सहयोगी चीन और रूस ने इस हमले के लिए इजराइल और अमेरिका की निंदा की है, लेकिन ईरान को कोई फायदा नहीं हुआ। ईरान भी बेमतलब अरब देशों पर हमले कर रहा है, लेकिन भारत ने इसका भी विरोध नहीं किया है। कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप है, उसे यह भी बोलना चाहिए था कि ईरान अरब देशों पर गलत हमले कर रहा है । वास्तव में कांग्रेस को न तो ईरान की चिंता है और न ही अरब देशों से कोई मतलब है, उसे तो सिर्फ यह दिखाना है कि वो मुस्लिमों की सबसे बड़ी हितेषी है। कांग्रेस अपनी मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के लिए देश को युद्ध की आग में झोंकने को तैयार है। सवाल यह है कि जब इसी अमेरिका ने इराक को बर्बाद किया था तो कांग्रेस ने क्या किया था, तब तो देश में उसकी सरकार चल रही थी। सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी गई तो क्यों नहीं कांग्रेस ने उसके समर्थन में सेना उतार दी। लीबिया के नेता कर्नल गद्दाफी को मार दिया गया, तब कांग्रेस की सरकार ने क्या किया था। देखा जाए तो आज से नहीं, बल्कि कई दशकों से अमेरिका पूरी दुनिया में गुंडागर्दी कर रहा है । उसने कई देशों को बर्बाद कर दिया है। क्या भारत उसको रोकने में सक्षम है, इस सवाल का जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। सोवियत संघ के विघटन के बाद दुनिया एकध्रुवीय बन चुकी है और अमेरिका ही एकमात्र विश्वशक्ति है। ईरान पर उसका हमला गलत हो सकता है, लेकिन इजराइल का हमला गलत नहीं है। दोनों ही देश एक-दूसरे के कट्टर दुश्मन हैं। ईरान पिछले कई सालों से इजराइल को बर्बाद करने के लिए कई आतंकवादी संगठनों को प्रश्रय दे रहा है। उसने इजराइल को बर्बाद करने के लिए ही हमास, हिज़्बुल्लाह और हूती जैसे खतरनाक आतंकवादी संगठन खड़े किए हैं। क्या कांग्रेस ने कभी मोदी सरकार पर दबाव बनाया कि वो इसके लिए ईरान की निंदा करे। ईरान के आतंकवादी संगठन सिर्फ इजराइल के लिए खतरा नहीं हैं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं, लेकिन कांग्रेस को इससे कोई मतलब नहीं है। अमेरिका ने श्रीलंका के पास एक ईरानी वॉरशिप को उड़ा दिया है, जो कि भारत में हुए एक युद्धाभ्यास से लौट रहा था। कांग्रेस ईरानी वॉरशिप पर हमले के लिए भारत की जिम्मेदारी तय करने की कोशिश कर रही है। हमें उस शिप की जिम्मेदारी लेने की बात कही जा रही है, जो एक हफ्ते पहले ही हमारी समुद्री सीमा से बाहर निकल चुका था, वो श्रीलंका के नजदीक था और उसने उनसे मदद मांगी थी। नौसेना अभ्यास में 50 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया था, उन्हें उनके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भारतीय नौसेना की नहीं थी। अंतरराष्ट्रीय सीमा में सब अपनी जिम्मेदारी पर चलते हैं, दूसरे देशों की तरह ईरान का वॉरशिप भी अपने देश वापिस गया था। वो श्रीलंका में क्या कर रहा था, इसका जवाब तो ईरान के पास होगा। कांग्रेस क्या चाहती है कि इस हमले का बदला लेने के लिए भारत अपनी नौसेना अमेरिकन नेवी के खिलाफ उतार दे। कांग्रेस चाहती क्या है, उसे स्पष्ट रूप से देश को बताना चाहिए। देश तो पता चलना चाहिए कि देश की विदेश नीति में क्या गलती है। जब दुनिया में कई जगहों पर युद्ध चल रहे हैं तो भारत शांति से आगे बढ़ रहा है, क्या यही विदेश नीति की गलती है। कांग्रेस मोदी सरकार को ऐसे उकसा रही है कि वो ईरान के पक्ष में अमेरिका और इजराइल पर हमला कर दे। भारत की विदेश नीति यही है कि भारत किसी युद्ध में न उलझे और चुपचाप विकास की राह पर चलता रहे, ये नीति चीन की भी है । हम पाकिस्तान के साथ युद्ध में नहीं फंसे, जैसे ही हमने अपने उद्देश्य पूरे किए, युद्ध से बाहर निकल आये। पाकिस्तान हार चुका था। हम उसे और बर्बाद कर सकते थे, लेकिन हमारा उद्देश्य यह नहीं था। हमने उसे सबक सिखाया और युद्ध खत्म कर दिया।

## 'जिंदा हिंदू लखनऊ चलें' - लिखे पोस्टर बांटे, गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभा करेंगे

# दुर्भाग्य है कि धर्मयुद्ध के लिए निकलना पड़ रहा : शंकराचार्य



शंकराचार्य अपने मठ से निकलकर पालकी पर सवार हुए और 300 मीटर दूर चिंतामणि गणेश मंदिर पहुंचे।

आंदोलन

तमसा संकेत, एजेंसी



- शंकराचार्य अपने मठ से निकलकर पालकी पर सवार हुए और 300 मीटर दूर चिंतामणि गणेश मंदिर पहुंचे।
- साधु-संतों ने शंखनाद किया, फिर शंकराचार्य लखनऊ के लिए रवाना हुए।

वाराणसी। शंकराचार्य ने 30 जनवरी को योगी सरकार को 40 दिन का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने तब कहा था- गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें। वरना आंदोलन करेंगे। शंकराचार्य काशी से 5 दिन बाद लखनऊ पहुंचेंगे। काशी से शंकराचार्य जौनपुर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा- हमारे शंकराचार्यों पर सवाल उठाने का अधिकार किसी को नहीं है। हमारे धर्म में 4 शंकराचार्य हैं। जब सर्वोच्च शंकराचार्यों ने मेरा अभिषेक कर दिया, तो फिर किसी की क्या औकात है कि वह कहे, हम इन्हें नहीं मानते। उन्होंने कहा कि जो शंकराचार्य बनाता है, उसी को हटाने का भी अधिकार है। अभी शंकराचार्य सुल्तानपुर पहुंच चुके हैं। यहां उन्होंने कहा- अरे पहले गो-माता की हत्या तो बंद कराओ। आज हिंदू राष्ट्र घोषित कर दोगे, तो क्या कल सवेरे से वहां गो-हत्या बंद हो जाएगी? अगर हिंदू राष्ट्र में भी गो-हत्या जारी रहती है, तो यह अपमानजनक होगा।

### शंकराचार्य ने कहा- योगी राजा नहीं हो सकता

शंकराचार्य ने सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। कहा- लोग गोमाता की रक्षा करने का वादा करके सत्ता में आए हैं। हमने सरकार को 40 दिन का समय दिया था कि वह खुद को हिंदू सिद्ध करे। उनकी बातें अलग हैं और आचरण अलग। दोनों में एकरूपता नहीं है। इसीलिए इसका जवाब लेने हम लखनऊ जा रहे। शंकराचार्य ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है।

"शंकराचार्य ने आरोप लगाया, सरकारों को वहम हो गया है कि वे सबसे ऊपर हैं। जो वे कहें, वही सबको करना चाहिए। जो पार्टी आज सत्ता में है, उसके मन में आ गया है कि जो संत उनके अनुसार बोलेगा वही संत है, नहीं तो उसे असंत घोषित कर दिया जाएगा।"

फास्ट न्यूज

### बच्चों के विवाद में लाठी-डंडों से हमला

जमानियां। गाजीपुर जिले के रेवतीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में आज शनिवार को बच्चों के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घायलों की पहचान रविप्रकाश (27), शशिप्रकाश (25) और शिवशंकर (55) के रूप में हुई है। तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो स्कॉर्पियो की भिड़ंत, पांच लोग घायल

गाजीपुर। दिलदारनगर-भदौरा मार्ग पर रकसहान गांव के पास दो स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को परिजनों ने नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। हादसे में दोनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार मुहम्मदपुर निवासी गुलशेर खान अपनी स्कॉर्पियो से गाजीपुर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से बसूका की ओर से गदाईपुर निवासी रूदल सिंह के परिवार की चार महिलाएं दूसरी स्कॉर्पियो से आ रही थीं। सड़क पर गड्ढा होने के कारण दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

### कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ चौपाल का आयोजन किया

भदोही। भदोही ब्लॉक के ग्राम सरवतखानी में कांग्रेस ने 'मनरेगा बचाओ चौपाल' का आयोजन किया। अध्यक्ष वसीम अंसारी ने संयुक्त रूप से कहा कि मनरेगा गरीबों और मजदूरों के लिए जीवन रेखा है। उन्होंने जोर दिया कि इसे कमजोर करने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

# चरस और गांजा बिकवाकर सिपाही ने कमाए 100 करोड़

## छापेमारी से पहले तस्कर को कॉल करते-माल हटा लो

तमसा संकेत, एजेंसी




कानपुर। कानपुर पुलिस चरस-गांजा बेचने वालों की 'दोस्त' है। माल कहां से आना है? कहां बिकना है? ये सब पुलिस की शह पर होता है। ये हम नहीं, बल्कि खुद कानपुर पुलिस कमिश्नर की जांच कह रही है। जब छापेमारी से पहले तस्कर गांजा-चरस के अड्डों से हटने लगे, तब कमिश्नर ने पुलिसवालों की कॉल डिटेल चेक कराई। एक दरोगा और 3 हेड कॉन्स्टेबल की CDR में तस्करों के नंबर मिले। पुलिस वालों के जब मोबाइल चेक करवाए गए, तो कुछ ऑडियो ऐसे मिले, जिसमें वो तस्करों को माल (गांजा, चरस) हटाने के टिप्स दे रहे थे। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने इन पुलिस वालों की प्रॉपर्टी पर एक इंटरनल जांच बैठाई। इसमें हैरान करने वाले फैक्ट सामने आए। सचेंडी थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र प्रताप सिंह 100 करोड़ की प्रॉपर्टी का मालिक बन चुका था। उसने मंधना के अशोका होटल के पास 600 गज का एक प्लॉट खरीदा। यहीं पर एक 200 गज का मकान भी बनवाया। वह पत्नी-रिश्तेदारों के नाम पर कई बेनामी संपत्तियां भी खरीद चुका है। उसके पास करोड़ों की कीमत का गोल्ड भी मिला। जांच में सामने आया कि पुलिस वाले अपने 'दोस्त तस्करों' को मैसेज में इमोजी भेजकर अलर्ट करते थे। ताकि वे सर्विलांस से पकड़े न जाएं। फिलहाल 4 पुलिस वालों के खिलाफ डिपार्टमेंटल जांच चल रही है, जिन्हें सस्पेंड किया गया है। कमलकांत की शह हेड कॉन्स्टेबल कमलकांत डेढ़ साल से पुलिस लाइन में तैनात हैं। जांच में सामने आया कि वो अपने रसूख के दम पर कंजड़नपुरवा, नौबस्ता और किदवईनगर में नशे का कारोबार करवा रहा था। किदवईनगर से 53 Kg गांजे के साथ पकड़ा गया, तस्कर गोलू पहाड़ी भी हेड कॉन्स्टेबल कमलकांत की शह पर धंधा जमाए था।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूकता के लिए बाराबंकी में निकाली गई कार रैली

बाराबंकी। उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुक्रम में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित- 14 मार्च 26 के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक- 07 मार्च 26 को जनपद बाराबंकी के विभिन्न विभागों को शामिल करते हुये कार जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश ने सुबह 10:00 बजे न्यायालय गेट संख्या-1 से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गुजरी, जिसमें जेब्रा पार्क, नबी गंज, पीरबटावन, राजकमल, छाया चौराहा और पुलिस लाइन मुख्य रहे। इन क्षेत्रों में रैली ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और आखिर में जनपद न्यायालय के गेट संख्या-2 पर पहुँचकर इसका समापन हुआ।

# 'अस्मिता' नामक खेल आयोजन की घोषणा

## दौड़, रस्साकशी और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं से महिलाओं को खेलों से जोड़ने की पहल

**1000 महिलाएं लेंगी हिस्सा**

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। जनपद में स्थित Mera Yuva Bharat और Khelo India सेंटर की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'अस्मिता' नामक विशेष खेल आयोजन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 8 मार्च 2026 को आयोजित होगा, जिसमें लगभग 1000 महिलाओं की सामूहिक भागीदारी प्रस्तावित है। इस आयोजन का उद्देश्य विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उनके सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देने के लिए जेबरा पार्क खेल मैदान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान जिला युवा अधिकारी Rashmi Shabnam Gupta और खेलो इंडिया सेंटर के जिला प्रभारी जूडो कोच Sunil Kumar Yadav ने पत्रकारों को कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराया। यह आयोजन Ministry of Youth Affairs and Sports, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत बाराबंकी और खेलो इंडिया सेंटर (भारतीय खेल प्राधिकरण) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता, एपीएस Ashwini Kumar Sharma, मेरा युवा भारत बाराबंकी के राम सिंह और केडी सिंह स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया जूडो सेंटर के कोच सुनील कुमार यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

### तीन आयु वर्ग की महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं

जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता ने बताया कि 'अस्मिता' खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत महिलाओं के लिए तीन आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं—

**13 वर्ष से कम**
**13 से 18 वर्ष**
**18 वर्ष से अधिक**

इन वर्गों में महिलाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने, खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### दौड़ सहित कई खेल गतिविधियां होंगी आयोजित

*कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जाएगा। इसमें 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के अलावा मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियां जैसे रस्साकशी और म्यूजिकल चेयर भी शामिल रहेंगी। इसमें जनपद की स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, महिला खिलाड़ी और छात्राएं भाग लेंगी। इच्छुक प्रतिभागी Khelo India Portal पर ऑनलाइन पंजीकरण कर कार्यक्रम में हिस्सा ले सकती हैं।*

**घटना : आस-पास खड़े लोग देखते रहे, दिल्ली से लौट रहा था सैलून कर्मचारी**

# ढाबे पर युवक ने खुद का काटा गला, सीसीटीवी

तमसा संकेत, एजेंसी



बरेली। बरेली में दिल्ली से लौट रहे एक सैलून कर्मचारी ने ढाबे पर चाकू से अपना गला काट लिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें युवक महज 15 सेकंड में अपनी जान लेता दिखा। मृतक की पहचान शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका निवासी 26 वर्षीय सलमान के रूप में हुई है। वह अहमदजान का बेटा था और दिल्ली में अपने चचेरे भाई के साथ सैलून में काम करता था। बृहस्पतिवार को सलमान टैक्सी से दिल्ली से बरेली लौट रहा था। रास्ते में गढ़ क्षेत्र के अठसैनी गांव के पास हाईवे किनारे एक ढाबे पर टैक्सी रुकी। सलमान टैक्सी से उतरकर कुछ देर ढाबे के आसपास टहलता रहा। इसी दौरान उसने कैश काउंटर पर रखा एक चाकू उठाया और अचानक अपना गला काट लिया। जब तक ढाबे के कर्मचारी और अन्य लोग कुछ समझ पाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में सलमान को अपनी गर्दन काटते हुए देखा गया। उसके पास मिले आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस ने बताया कि परिजनों से बातचीत में सामने आया है कि सलमान लंबे समय से तनाव में था, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया हो सकता है। फिलहाल परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। परिजनों के अनुसार, सलमान छह भाइयों में चौथे नंबर पर था और कुछ समय से शराब का आदी हो गया था। परिवार पहले से ही मुश्किलों का सामना कर रहा था। एक साल पहले उसके बड़े भाई रेहान ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी, और लगभग डेढ़ साल पहले उसके पिता अहमद जान का निधन हो गया था।

# सिरसखेड़ा में चुनावी रंजिश, मौजूदा प्रधान गिरफ्तार

मुरादाबाद। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के सिरसखेड़ा गांव में प्रधान पद चुनाव को लेकर हुई रंजिश में पुलिस ने मुख्य आरोपी और मौजूदा प्रधान इकरार हुसैन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई मारपीट और फायरिंग की घटना के संबंध में की गई है। जानकारी के अनुसार, मौजूदा प्रधान इकरार हुसैन और दूसरे प्रत्याशी अब्दुल मतालिब उर्फ अब्दुल्ला के बीच चुनावी रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते यह घटना हुई।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **27.03.2026 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00232026 दिनांक 05–03–2026 |
| 2. | निविदा संख्या | 38-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–प्रथम / लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में 3बटालियन / आरपीएसएफ / लखनऊ में इनडोर गेमिंग सुविधाओं जैसे बैडमिंटन हॉल जिम टेबल टेनिस जिम और संबंधित सुविधाओं का निर्माण । |
| 4. | अनुमानित लागत | रु० 18599005.78 |
| 5. | धरोहर राशि | रु० 243000 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7. | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 13.03.2026 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.03.2026 को 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट–: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 760/26


# संपूर्ण समाधान दिवस में 311 शिकायतें प्राप्त, 42 का मौके पर निस्तारण

## तहसील सिरौलीगौसपुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से तहसील Sirauli Gauspur में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित जनपद के सभी संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


प्रथम काल

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 1630 / ग्रा०अ०वि०/निविदा पत्राली/अनु० सहायक/2025-26 / दिनांक 24.02 2026

पताः-विकास भवन, निकट कलक्ट्रेट अम्बेडकरनगर।

-: ई- प्रोक्योरमेण्ट नोटिस कॉल निविदा :-

महामहिम श्री. राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिकासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अम्बेड-करनगर पूर्वान्चल क्षेत्र विकास निधि निधियोजनान्तर्गत निर्माण कार्यों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति की प्रत्याशा में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी, सी एच जी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंति की जाती है। विछ डाक्यूमेण्ट के साथ सलग्न बिल काफ क्यादिटी के अंकित वरों में जी०एस०टी० के अतिरिक्त अन्य सनी कर सम्मिलित है, जी०सी०टी० का भुगतना सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार पृथक से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1 कार्य से सम्बधित विवरण निम्नवत है-

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0 डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य या निविदा फीस जी. एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अम्बेडकर नगर | ग्राम सभा काही में महेशपाल के घर से परशुराम शर्मा के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 10.73 | 0.24 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 2 | | ग्राम सभा हदयपुर में मुख्य मार्ग से अमर प्रताप सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 9.55 | 0.20 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 3 | | टाण्डा–हंसवर मार्ग पर बरही एदिलपुर पक्की सड़क से मंशाराम के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 10.43 | 0.21 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 4 | | ग्राम सभा शेखपुरा राजकुमारी में मुख्य मार्ग से दयाराम के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 8.98 | 0.18 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 5 | | भुवालपुर में बनराजा बस्ती से नहर होकर पूरब पूरा तक मिट्टी एवं खण्डजा कार्य। | 14.27 | 0.29 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 6 | | जलालपुर बाजार में वर्मा मेडिकल स्टोर से रनीवां सम्पर्क मार्ग तक खडण्जा कार्य। | 19.84 | 0.40 | 500.00+300.00+ 54.00=854.00 | 3 माह |
| 7 | | रोहनपारा पुरवा मार्ग से ओमप्रकाश के ट्यूबेल से जे०पी० इंग्लिश एकेडमी तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 13.52 | 0.28 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 8 | | अग्निहोत्री का पूरा भीटी उमरावां मार्ग से दूल्लन पाण्डेय का पूरा तक खडण्जा कार्य। | 12.11 | 0.25 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 9 | | यरकी पिच मार्ग से मजगवां तक लेपन कार्य। | 11.20 | 0.23 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 10 | | ग्राम पंचायत सोनावां में दलित बस्ती तक सी०सी०रोड कार्य। | 19.50 | 0.40 | 500.00+300.00+ 54.00=854.00 | 3 माह |
| 11 | | पतौना मंशापुर पिच मार्ग से हरिश्चन्द्र दलित बस्ती तक लेपन कार्य। | 17.65 | 0.36 | 500.00+300.00+ 54.00=854.00 | 3 माह |
| 12 | | रसूलपुर बाकरगंज पिच रोड से अस्पताल के आगे तक मिट्टी एवं खण्डजा निर्माण कार्य। | 12.38 | 0.25 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 13 | | एकडल्ला बड़ी नहर धर्मेन्द्र निषाद के घर से दलित बस्ती होकर रामधारी के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 28.64 | 0.58 | 2000.00+350.00 +63.00=2413.00 | 3 माह |
| 14 | | श्यायमपुर आर0सी0सी0 रोड से रामधनी के घर होकर दलित बस्ती के अंतिम तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 10.89 | 0.22 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 15 | | पट्टी बरियावन मार्ग से ममरखा दलित बस्ती तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 26.86 | 0.54 | 2000.00+350.00 +63.00=2413.00 | 3 माह |
| 16 | | हुसैनपुर मेंन पिच मार्ग से प्रजापति बस्ती तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 10.60 | 0.22 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 17 | | ग्राम सभा पारस कटुई मे अनिल सिंह के खेत से दलित बस्ती व राजभर बस्ती तक मिट्टी एंव खड़ंजा कार्य। | 12.30 | 0.25 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 18 | | ग्राम सभा जोगापुर प्रधानमंत्री सड़क से सरकारी ट्यूब्वेल तकसी०सी०रोड निर्माण कार्य। | 14.16 | 0.29 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 19 | | ग्रामबुकियांमेंरामनरायन एडवोकेट के घरसेपारस सिंह के घरतकइण्टरलाकिंगकार्य। | 14.44 | 0.29 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 20 | | ग्राम शिवतारा में मिर्जा तौफीक के घर से मुर्त जामास्ट साहब के घर के सामने नहर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 15.46 | 0.31 | 500.00+300.00+ 54.00=854.00 | 3 माह |
| 21 | | ग्राम सरफुद्दीनपुर में राम अधया के घर से सुरेन्द्र यादव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 15.04 | 0.31 | 500.00+300.00+ 54.00=854.00 | 3 माह |
| 22 | | ग्राम भुपतिपुर कौदहरा में कैलाशा सिधार्थ के खेत से ब्रजबिहारी के खेत होते हुए रामजनम यादव के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 9.40 | 0.19 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 23 | | पदुमपुर कम्हरिया मुख्य मार्ग पर ग्राम शंकरपुर तप्पा हवेली मे प्रदीप सिंह के मैरिजहॉल के पश्चिम से कृष्णकुमार यादव के खेत तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 12.95 | 0.26 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 24 | | ग्राम इन्दौपुर धिन्हापुर में पिच मार्ग परममहंस यादव के घर के पूरब मोहन के घर होते हुए गुलाबचन्द यादव के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 9.04 | 0.19 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 25 | | नगर पंचायत जहाँगीरगंज वार्ड नं0–1 कोटिया में माइनर पर सरफराज अहमद के घर के बगल से पश्चिम दलित बस्ती में चन्द्र विजय के घर तक सी0सी0 कार्य। | 20.50 | 0.41 | 2000.00+350.00 +63.00=2413.00 | 3 माह |
| 26 | | ग्राम इमामुद्दीनपुर में हरीरामगौतम ड्राइवर के घर से राजपति के घर होते हुए शंकर यादव के खेत तक इण्टरलाकिंगकार्य। | 12.03 | 0.25 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |
| 27 | | ग्राम बजदहिया पाईपुर के कोतपुर में पिच रोड से पंचायत भवन की तरफ जाने वाले मार्ग पर लेपन कार्य। | 10.83 | 0.22 | 500.00+225.00+ 42.00=767.00 | 3 माह |

2 वेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः 09.03.2026 से 08.04.2026 तक
3. विड् डाक्यूमेण्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समयः 09.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ की तिथि एवं समयः 09.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि एवं समय 08.04.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 08.04.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे।
7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ-पत्र मान्य नही होगा।
8. निविदा आनलाइन वैब साइट http//etnder.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
9. निविदा आमंत्रण कर्ता को आई०टी०बी० के क्लाज 09 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि-पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार-पत्र मे प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदा दाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी हेतु कृपया वैब साइट http//etnder.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा विड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्भावित निविदा-दाताओं को सलाह दी जाती है कि विड् सम्मिट करने से पूर्व विड् डाक्यूमेण्ट को भली-भाँति पढ़ ले।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड अम्बेडकरनगर ।
श्री राज्यपाल, उ०प्र० की ओर से

UP. 247438 Dt. 06/03/2026
www.up.gov.in

## छापेमारी से पहले तस्कर को कॉल करते-माल हटा लो, कानपुर में दरोगा-कॉन्स्टेबल के ऑडियो मिले

# चरस-गांजा बिकवाकर सिपाही ने कमाए 100 करोड़

**जांच**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर पुलिस चरस-गांजा बेचने वालों की 'दोस्त' है। माल कहां से आना है? कहां बिकना है? ये सब पुलिस की शह पर होता है। ये हम नहीं, बल्कि खुद कानपुर पुलिस कमिश्नर की जांच कह रही है। जब छापेमारी से पहले तस्कर गांजा-चरस के अड्डों से हटने लगे, तब कमिश्नर ने पुलिसवालों की कॉल डिटेल चेक कराई।

एक दरोगा और 3 हेड कॉन्स्टेबल की CDR में तस्करों के नंबर मिले। पुलिस वालों के जब मोबाइल चेक करवाए गए, तो कुछ ऑडियो ऐसे मिले, जिसमें वो तस्करों को माल (गांजा, चरस) हटाने के टिप्स दे रहे थे। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने इन पुलिस वालों की प्रॉपर्टी पर एक इंटरनल जांच बैठाई। इसमें हैरान करने वाले फैक्ट सामने आए। सचेंडी थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र प्रताप सिंह 100 करोड़ की प्रॉपर्टी का मालिक बन चुका था। उसने मंधना के अशोका होटल के पास 600 गज का एक प्लॉट खरीदा। यहीं पर एक 200 गज का मकान भी बनवाया। वह पत्नी-रिश्तेदारों के नाम पर कई बेनामी संपत्तियां भी खरीद चुका है। उसके पास करोड़ों की कीमत का गोल्ड भी मिला। जांच में सामने आया कि पुलिस वाले अपने 'दोस्त तस्करों' को मैसेज में इमोजी भेजकर अलर्ट करते थे। ताकि वे सर्विलांस से पकड़े न जाएं। फिलहाल 4 पुलिस वालों के खिलाफ डिपार्टमेंटल जांच चल रही है, जिन्हें सस्पेंड किया गया है। इसकी शुरुआत 7 अक्टूबर, 2025 से हुई, जब कानपुर में पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने कमान संभाली।




### हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र- जहां तैनाती, वहां गड़बड़ियां

हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र प्रताप सिंह सचेंडी थाने पर डेढ़ महीने तैनात रहा। वहां थाना प्रभारी की जीप चलाता था। उसके खिलाफ शिकायतें थीं कि वो विवादित और कीमती जमीनों के मामले पैसे लेकर निपटा रहा है। इसके बाद उसे थाने से हटाया गया। वो क्राइम ब्रांच में भी पोस्टेड रहा, जहां उसकी सटोरियों और तस्करों से साठगांठ सामने आई। इसके बाद जितेंद्र को वहां से भी हटा दिया गया।

**वहीं, पनकी मंदिर के पास फूल बेचने की आड़ में गांजा बेचने वाली बबिता को दरोगा श्रवण कुमार तिवारी की शह मिली हुई थी। दरोगा की हरकतों से परेशान होकर डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने एक विस्तृत जांच रिपोर्ट भी ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर को सौंपी थी।**

### 3 इलाकों के तस्कर को कमलकांत की शह



हेड कॉन्स्टेबल कमलकांत डेढ़ साल से पुलिस लाइन में तैनात हैं। जांच में सामने आया कि वो अपने रसूख के दम पर कंजड़न-पुरवा, नौबस्ता और किदवईनगर में नशे का कारोबार करवा रहा था। किदवईनगर से 53 Kg गांजे के साथ पकड़ा गया, तस्कर गोलू पहाड़ी भी हेड कॉन्स्टेबल कमलकांत की शह पर धंधा जमाए था।

### सर्वोदयनगर में गांजा-चरस बिकवा रहा हेड कॉन्स्टेबल

वहीं, काकादेव थाने से सस्पेंड हुआ हेड कॉन्स्टेबल रंजीत शर्मा सर्वोदयनगर में गांजा-चरस की सप्लाई करवा रहा था। सर्वोदयन-गर, काकादेव कोचिंग मंडी जैसे इलाको में तस्करी करने वालों को वो पनाह देता था।

## पति का मौलवी से इलाज कराने के नाम पर गैंगरेप

तमसा संकेत, एजेंसी

पानीपत। हरियाणा में पानीपत की एक महिला से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में गैंगरपे किया गया। महिला का कहना है कि पति काफी बीमार रहते हैं। इसलिए परिवार परेशान है। एक जानकार ने मुझे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक मौलवी से इलाज करवाने की बात कही। वहां 3 दिन तक मुझे बंधक बनाकर रखा और गैंगरेप किया। बड़ी मुश्किल से मैं उनकी चंगुल से छूटकर भागी।

किला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 22 वर्षीय पीड़िता ने किला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति लंबे समय से बीमार हैं। इससे परिवार काफी मानसिक और आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उनके एक जानकार वसीम ने इस मजबूरी का फायदा उठाया। वसीम ने उसे विश्वास दिलाया कि वह पति को एक मौलवी से दवा दिलाकर ठीक करवा देगा। पीड़िता के मुताबिक, 26 फरवरी 2026 की सुबह करीब 6 बजे वसीम अपनी कार में उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। वह उसे यूपी के सहारनपुर जिले के घाटापुर गांव ले गया। रास्ते में और वहां पहुंचने पर उसे चाय-पानी में नशीली दवा पिलाई गई, जिससे उसे लगातार चक्कर आते रहे। वसीम ने उसे अपने ताऊ के मकान में कमरे के अंदर बंधक बना लिया।



**पानीपत से महिला को सहारनपुर ले गए, 3 दिन बंधक बनाकर रखा**

**फास्ट न्यूज**

### युवराज आदिकुमार ने राजसी वैभव त्याग वैराग्य अपनाया

ललितपुर । ललितपुर के सतोदय तीर्थ सेरोन में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में युवराज आदिकुमार ने राजसी वैभव त्याग कर वैराग्य पथ अपनाया। निर्यापक श्रमणमुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में हुए तपकल्याणक के दौरान इस क्षण की उपस्थित धर्मालुजनों ने जयजयकारों के साथ अनुमोदना की।

### ढाबे पर युवक ने खुद का काटा गला

बरेली । बरेली में दिल्ली से लौट रहे एक सैलून कर्मचारी ने ढाबे पर चाकू से अपना गला काट लिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें युवक महज 15 सेकंड में अपनी जान लेता दिखा। मृतक की पहचान शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका निवासी 26 वर्षीय सलमान के रूप में हुई है। वह अहमदजान का बेटा था और दिल्ली में अपने चचेरे भाई के साथ सैलून में काम करता था। बृहस्पतिवार को सलमान टैक्सी से दिल्ली से बरेली लौट रहा था। सलमान टैक्सी से उतरकर कुछ देर ढाबे के आसपास टहलता रहा। इसी दौरान उसने कैश काउंटर पर रखा एक चाकू उठाया और अचानक अपना गला काट लिया।

### घूसखोर लेखपाल आलोक दुबे बर्खास्त

कानपुर । कानपुर में भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने घूसखोर लेखपाल आलोक दुबे को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया। मुख्यमंत्री की बैठक के ठीक अगले दिन हुई इस कार्रवाई में सामने आया कि लेखपाल ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए करीब 50 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की 41 संपत्तियां खड़ी कर ली थीं।

## रारह गांव में परंपरागत हुरंगे का आयोजन, छड़ी मार होली में उत्साह



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। मथुरा - भरतपुर बॉर्डर के पास स्थित ग्राम रारह में परंपरागत हुरंगे का भव्य आयोजन किया गया। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार होली के अंतिम दिनों में गांव में जोरदार हुरंगे का आयोजन किया जाता है, जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग लेते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विशेष छड़ी मार होली का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परंपरा के अनुसार महिलाएं रंग और प्रेम का प्रतीक मानकर छड़ी के रूप में पुरुषों पर हल्की प्रहार करती हैं, जो आपसी प्रेम, सौहार्द और रंगोत्सव का संदेश देता है। इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि रारह गांव में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष हजारों की संख्या में लोग इसमें भाग लेकर होली के उत्सव को खास बनाते हैं।

कार्यक्रम का आयोजन रारह गांव की पंचायत द्वारा किया गया। इस अवसर पर खिलना कुंतल, घनश्याम कुंतल, कुलदीप कुंतल, घुरे कुंतल, ऋतिक कुंतल, ऋषि कुंतल, दिनेश कुंतल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# इफ्तार तहजीब की पहचान : अखिलेश यादव

## माइनॉरिटी डेवलपमेंट फोरम के इफ्तार में सपा प्रमुख, कहा- शंकराचार्य को समर्थन

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में माइनॉरिटी डेवलपमेंट फोरम की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल हुए। शुक्रवार को हुए इफ्तार में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली समेत कई उलेमा और सपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इफ्तार के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने रोजा इफ्तार को देश की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान बताया।

यहां अखिलेश यादव ने शंकराचार्य से जुड़े विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सभी पूजनीय साधु-संतों को शंकराचार्य का समर्थन करना चाहिए। आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार लोगों का अपमान करती है। शंकराचार्य के खिलाफ झूठे मुकदमे से उन्हें पीड़ा हुई होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भारत के इतिहास में पहले कभी किसी शंकराचार्य का इस तरह अपमान नहीं किया गया। मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती थी कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें, लेकिन अब लगता है कि वे राज्यसभा में ही रिटायर होंगे।





**अखिलेश यादव ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी युद्ध के पक्ष में नहीं है क्योंकि युद्ध के परिणाम हमेशा दुखद होते हैं। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए और कहा कि सरकार की विदेश नीति स्पष्ट नजर नहीं आ रही है।**

### 'सरकार की विदेश नीति ने भारत को उलझाया'

सपा प्रमुख ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर निशाना साधते हुए कहा कि जो विदेश नीति दिखाई जा रही है, वास्तविकता उससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की विदेश नीति ने भारत को कई मामलों में उलझा दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर स्पष्ट और संतुलित नीति होना जरूरी है।

### 'रोजा इफ्तार हिंदुस्तानियों की पहचान'

अखिलेश यादव ने कहा कि रोजा इफ्तार हिंदुस्तानियों की साझा संस्कृति और गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के अलग-अलग वर्गों को एक साथ आने और संवाद का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में होली का त्योहार मनाया गया, जिसमें लोग गले मिले। अब कुछ ही दिनों बाद ईद आएगी, तब भी लोग एक-दूसरे से गले मिलेंगे। यही भारत की असली पहचान है।

## छड़ियों की मार के आगे बेबस हुए हुरियारे चौमुंहा हुरंगे में उमड़ा उत्साह

तमसा संकेत, संवाददाता

चौमुंहा (मथुरा)। ब्रजभूमि में होली का उत्साह अभी भी पूरे शबाब पर है। इसी क्रम में कस्बा चौमुंहा के ऐतिहासिक तकिया मैदान में भव्य हुरंगे का आयोजन किया गया। सतरंगी गुलाल और रंगों की उड़ती बौछारों के बीच जब हुरियारिनों ने छड़ियां बरसानी शुरू कीं तो हुरियारे उनके जोश के आगे बेबस नजर आए। इस पारंपरिक उत्सव को देखने के लिए क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भी भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

हुरंगे की शुरुआत होते ही कस्बे के मारूफ, दाऊद, मनी, जुझार और थमू थोक की हुरियारिनें अपने-अपने दल के साथ मैदान में उतरीं। ब्रज के लोकगीतों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच हुरियारों ने जब हुरियारिनों पर रसिया के रंग डाले, तो जवाब में हुरियारिनों ने प्रेम से भरी अपनी छड़ियों से उन्हें जमकर छकाया। हुरियारों की ढालें भी हुरियारिनों के उत्साह के आगे फीकी पड़ती नजर आईं।



कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि मुख्य मंच पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों का जमावड़ा लगा रहा। विशिष्ट अतिथियों का साफा पहनाकर और माला अर्पित कर स्वागत किया गया। आयोजन समिति ने हुरंगे में सक्रिय भागीदारी करने वाली और बेहतर कौशल दिखाने वाली विजेता महिलाओं को इनाम देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी प्रतिभागी हुरियारिनों का मुंह मीठा कराने के लिए मिठाइयों का वितरण किया गया।

**देर शाम तक चले इस उत्सव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद रहा। शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए इस आयोजन ने एक बार फिर ब्रज की होली के अनूठे रंगों से सभी को सराबोर कर दिया।**

**इस अवसर पर देवो काका, नारायण सिंह, ऋतिक सिसोदिया, हरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र, सौदान सिंह, लोकेश, भारतपाल मुंशी, भूपेंद्र पंडित, महावीर, बांके सिंह, राजू सिंह, जोली सेठ, पप्पू मुखिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।**

## ईंट-भट्ठे पर मजदूर का बेटा बना आईएएस

### यूपीएससी में 107वीं रैंक आई, रायबरेली में निकाला जुलूस, बोले- ऑनलाइन पढ़ाई की

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली । रायबरेली में ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करने वाले रामदेव के बेटे विमल कुमार IAS बन गए हैं। उनकी UPSC में 107वीं रैंक आई है। सिलेक्शन की खुशी में विमल कुमार ने 7 किलोमीटर तक काफिले के साथ जुलूस निकाला।

उनके काफिले में 12 कारें, डीजे और 50 से ज्यादा बाइकें शामिल थीं। लोगों ने जगह-जगह विमल का स्वागत किया और फूल-माला पहनाया। बेटे की सफलता से पिता रामदेव की भी आंखें भर आईं।

अपनी सफलता के बारे में विमल कुमार बताते हैं- नवोदय विद्यालय में एक बार डीएम मैम आई थीं। उसी समय मैंने तय कर लिया था कि IAS ही बनूंगा। खर्च कम हो, इसलिए गांव में रहकर ही 3 बार ऑनलाइन क्लास ली। पढ़िए विमल कुमार के IAS बनने की कहानी



भांजे की कामयाबी पर मामा ने दी शुभकामनाएं।

रायबरेली जिले के खीरो ब्लॉक के चांदेमऊ गांव में रामदेव रहते हैं। उनके 3 बेटे और 2 बेटियां हैं। विमल कुमार (30) सबसे छोटे बेटे हैं। बेटे के IAS बनने पर रामदेव कहते हैं- बहुत खुशी है। मैंने ईंट भट्ठे पर मजदूरी और बंटाई पर खेती करके बेटे को पढ़ाया है। घर में भी बधाई देने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही थी। हमने विमल के बड़े भाई अजीत कुमार ने बात की। अजीत बताते हैं- परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद साधारण है। मैं खुद भी रायबरेली में मजदूरी करता हूं। आर्थिक तंगी के बावजूद हम लोगों ने विमल की पढ़ाई में कभी रुकावट नहीं आने दी। लगातार उनका हौसला बढ़ाया।

### दरवाजे पर भैंसें बंधी, हाल ही में मकान का प्लास्टर हुआ

विमल का घर आधा पक्का और आधा कच्चा है। 5 कमरे हैं, जिनमें से 2 ही पक्के बने हैं। विमल से बड़े भाई विदेश कमाने गए हैं, जिससे घर की आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। इसके बाद घर के फ्रंट का हिस्सा प्लास्टर किया गया है। उनके घर के बाहर दो भैंसें बंधी हैं। इसके अलावा चारा काटने की मशीन और भूसा रखा है।

### गांव के प्राइमरी स्कूल से पढ़ाई, आईआईटी में पहुंचे

परिवार के लोग बताते हैं- विमल कुमार ने अपनी शुरुआती शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय चांदेमऊ से पूरी की। इसके बाद उनका सिलेक्शन जवाहर नवोदय विद्यालय महाराजगंज में हुआ। वहां से उन्होंने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की। आगे की पढ़ाई के लिए वह केरल गए और फिर उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली पहुंचे। साल- 2020 में विमल कुमार ने आईआईटी दिल्ली से बीटेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने UPSC परीक्षा की तैयारी शुरू की। इसके लिए उन्होंने किसी बड़े कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। अधिकतर तैयारी रायबरेली में रहकर सेल्फ स्टडी से की।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### बजट सत्र का दूसरा...

वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए।

वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक TMC सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे।

### 'अयोध्या में श्रीराम ...

उनका इशारा साफ श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही मस्जिद ईदगाह के बीच चल रहे विवाद को लेकर था। योगी ने इतना कहा और श्रद्धालुओं के जयकारे गूंजने लगे। वृंदावन के गीता शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में सीएम योगी ने परिषद की बैठक में कई विकास योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने यातायात व्यवस्था भी बेहतर करने को कहा। करीब एक घंटे बैठक करने के बाद सीएम श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। यहां ठाकुर केशवदेव, योगमाया, गर्भगृह में दर्शन के बाद भागवत भवन में दर्शन किए।

यहां श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के कण-कण में अपने कृष्ण कन्हैया की याद रची बसी है। राधारानी की स्मृतियां रची-बसी हैं। उन्होंने होली की सभी को बधाई दी।

कहा कि यह पर्व व त्योहार हमें सदैव प्रेरित करते हैं कि जीवन में उत्साह और उमंग होनी चाहिए। सकारात्मकता होनी चाहिए। एक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। जीवन नकारात्मकता का नाम नहीं है। जीवन अराजकता का नाम नहीं हो सकता है। जीवन को जीवंत बनाए रखने के लिए सकारात्मक भाव जरूरी है।

### प्रदेश अध्यक्ष बोले...

बैठक में इसके अलावा कुछ विशेष नहीं रहा। क्या चुनाव की रणनीति के संबंध में कोई चर्चा हुई, इस सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने टालते हुए कहा, इस विषय पर कोई चर्चा नहीं हुई।

### योगी की मां पर ...

उनकी मां पूरे भारत की मां हैं। उनके लिए माताएं और बहनें भी प्रदर्शन करेंगी। जतिन ने कहा, ये जांच का विषय है कि क्या ऐसे लोगों को किसी का संरक्षण तो नहीं मिल रहा है। अभी कुछ दिन पहले लखनऊ विश्वविद्यालय में लाल बारादरी प्रकरण में कांग्रेस और सपा के लोग एकता और भाईचारा की बातें कर रहे थे।

आज इस विषय पर वह सभी लोग मौन हैं। यह उनकी राजनीतिक गरिमा को दर्शाता है। किसी की मां पर इस तरह की टिप्पणी करना बेहद गलत है। योगी संन्यासी हैं, जो अपने घर परिवार को छोड़कर चले आए थे। योगी की मां पूरे भारत देश की मां हैं। यह टिप्पणी योगी की मां पर नहीं, बल्कि मां भारती पर है।

### 'पुतले जैसा मौलाना...

जैसे पुतला जल रहा है, वैसे मौलाना जैसे मानसिकता के लोग भी जलेंगे। मौलाना ने तकरीर के दौरान सीएम आदित्यनाथ की मां को लेकर आपत्तिज-नक टिप्पणी की। उत्तर प्रदेश में लागू गोकशी कानून और पुलिस को लेकर गलत बयान दिया। इससे पूरे प्रदेश में आक्रोश है।

### नेपाल चुनावः भारत...

पिछले साल सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद 5 मार्च को हुए चुनाव में 58% लोगों ने वोट डाले। वोटों की गिनती पूरी होने में 3 से 4 दिन लगने की उम्मीद है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 9 मार्च तक काउंटिंग पूरी करने की कोशिश की जाएगी।

नेपाल में चुनाव की व्यवस्था मिश्रित चुनाव प्रणाली पर आधारित है। यानी यहां दो तरीकों से सांसद चुने जाते हैं- सीधे चुनाव से और पार्टी को मिले कुल वोट के हिसाब से।

संसद की 275 में से 165 सीटों पर सीधे चुनाव होता है। हर इलाके (निर्वाचन क्षेत्र) में लोग अपने उम्मीदवार को वोट देते हैं। जिस उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं, वही जीतता है।

### अमेरिकी थाड डिफेंस...

यह रडार THAAD सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 THAAD सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है।

एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने CNN से कहा है कि ईरान, अमेरिका के नए ठिकानों को निशाना बनाने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने ईरान पर बड़ा हमला करने की धमकी दी है, इस वजह से ईरान भी नए प्लान पर विचार कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि ईरान अब अमेरिका के उन ठिकानों और सैन्य बलों की पहचान कर रहा है, जो अभी तक उसकी टारगेट लिस्ट में नहीं हैं। अगर अमेरिका ने कोई गलत कदम उठाया, तो ईरान उन ठिकानों पर हमला कर सकता है। हालांकि अधिकारी ने यह नहीं बताया कि हमले कब और कहां हो सकते हैं।

### ईरान का फारस की ...

ईरानी सेना का कहना है कि यह जहाज अमेरिका से जुड़ा हुआ था, इसलिए इसे निशाना बनाया गया। यह घटना फारस की खाड़ी के बीच समुद्र में हुई। अभी यह साफ नहीं है कि इस हमले में जहाज को कितना नुकसान हुआ या कोई घायल हुआ है या नहीं।

### ईरान का युद्धपोत ...

IRIS लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू (IFR) 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत IRIS देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।

### सुरेंद्र माझी हत्याकांड...

दोनों आरोपी जुआ के आदी थे और चंदू के लाखों रुपए का कर्ज था। इस कर्ज को चुकाने और आपराधिक गतिविधियों के लिए चंदू ने यह योजनाबद्ध हत्या की थी। सुरेंद्र माझी हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार होने के बाद स्थानीय लोग राहत की भावना व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी से अपराधियों में भय पैदा होगा और जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। पुलिस ने कहा कि चंदू को न्यायालय में पेश कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी घटनाओं का पूरा रिकार्ड और आरोपी का आपराधिक इतिहास अदालत को प्रस्तुत किया जाएगा।

### नेता नहीं होता, तो ...

चीन ने इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन सेक्टर पर मजबूत पकड़ बना ली है। वहीं अमेरिका, भारत और दुनिया के ज्यादातर देश सामान बनाने के बजाय उन्हें इस्तेमाल करने या बेचने वाले सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। असल में ज्यादा और स्थायी नौकरियां प्रोडक्शन सेक्टर में बनती हैं, जबकि IT जैसे सेक्टर ज्यादातर सेवाएं और खपत से जुड़े होते हैं।

अभी चीन इस क्षेत्र में बिना ज्यादा चुनौती के काम कर रहा है, लेकिन उसे चिंता है कि भारत भी धीरे-धीरे इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और भविष्य में उसके लिए चुनौती बन सकता है।

भारत में बहुत कम कंपनियां ऐसी हैं जो फैक्ट्रियों में चीजें बनाती हैं। अडाणी और अंबानी जैसे बड़े बिजनेसमैन भी ज्यादातर खुद प्रोडक्शन नहीं करते। वे अक्सर ऐसे प्रोडक्ट बेचते हैं जो बाहर से आते हैं या जिनसे लोकल उत्पादन को नुकसान होता है।

इसका एक राजनीतिक पहलू भी है। मौजूदा GST सिस्टम ऐसा बनाया गया है जिससे सामान बनाने वाले राज्यों को नुकसान होता है। यह उत्पादन करने वाले राज्यों के बजाय ज्यादा फायदा उन राज्यों को देता है जहां सामान ज्यादा खरीदा जाता है।

## स्पिन कम, पेस और बाउंस ज्यादा, फाइनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ अंपायरिंग करेंगे

# अहमदाबाद की पिच सेमीफाइनल की तरह बैटिंग फ्रेंडली होगी

मुंबई, एजेंसी

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल बैटिंग फ्रेंडली पिच पर होगा। ESPN के मुताबिक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फ्रेश पिच का ही इस्तेमाल होगा, जहां टूर्नामेंट के शुरुआत में एक मैच खेला गया था। काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर पिच बनाई गई है। यहां गेंद बहुत कम स्पिन होगी, लेकिन पेस और बाउंस जरूर मिलेगा। हालांकि, इससे बैटर्स को ही फायदा होना है। खिताबी मुकाबला 8 मार्च को शाम 7 बजे से खेला जाएगा। ICC ने बताया कि इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ अंपायरिंग करेंगे। वर्ल्ड कप का पहला



सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता में हुआ। पिच बैटिंग फ्रेंडली जरूर थी, लेकिन पहली पारी में बॉलर्स को भी मदद मिली। साउथ अफ्रीका 169 रन ही बना सका, न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया।

### काली और लाल मिट्टी को मिक्स किया

अहमदाबाद में काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर फाइनल के लिए पिच बनाई गई। वानखेड़े स्टेडियम में भी सेमीफाइनल के दौरान इसी तरह की पिच थी। अब फाइनल में भी स्पिनर्स के लिए मदद कम रहेगी, लेकिन इससे बैटिंग बहुत ज्यादा आसान हो जाएगी। पहली पारी में 200 से ज्यादा रन बनाए तभी जीत के चांस हैं। दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया।

### फाइनल की पिच पर एक ही मैच हुआ



फाइनल की पिच लगभग फ्रेश ही रहेगी, क्योंकि यहां टूर्नामेंट का इकलौता मैच करीब एक महीने पहले 9 फरवरी को हुआ था। यहां पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 4 ही विकेट खोकर 213 रन बना दिए थे। जवाब में कनाडा 156 रन ही बना सका। अहमदाबाद में कनाडा-अफ्रीका मैच के बाद भी 5 मुकाबले खेले गए, लेकिन किसी में भी फाइनल वाली पिच का इस्तेमाल नहीं हुआ। हालांकि, उन पिचों पर कभी 200 रन भी बने। 184 पहली पारी में औसत स्कोर रहा। 2 बार पहले बैटिंग और 2 ही पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। जबकि एक नतीजा सुपर ओवर में आया।

### टीम इंडिया की प्रैक्टिस शनिवार को

टीम इंडिया आज ही अहमदाबाद में अपनी प्रैक्टिस करेगी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम बुधवार को सेमीफाइनल जीतने के बाद गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंची। टीम ने उसी दिन प्रैक्टिस भी की। भारत और न्यूजीलैंड लगातार दूसरे ICC व्हाइट बॉल टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने हैं। पिछले साल ही 9 मार्च को भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था। ICC ने फाइनल मुकाबले के लिए ऑफिशियल्स भी बता दिए हैं। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन फील्ड अंपायर होंगे।



### भारत 2 मैच खेल चुका

टूर्नामेंट में अहमदाबाद के मैदान पर भारत ने 2 मैच खेले हैं। ग्रुप स्टेज में नीदरलैंड के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 193 रन बनाए थे। हालांकि, डच टीम भी फाइट दिखाते हुए 176 तक पहुंच गई थी।

### इंडिया-ऑस्ट्रेलिया विमेंस टेस्ट- भारतीय पारी 198 रन पर सिमटी

मुंबई। पर्थ में खेले जा रहे एकमात्र महिला डे-नाइट टेस्ट के पहले दिन जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतक के बावजूद भारतीय टीम 198 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड और डेब्यूटेंट लूसी हैमिल्टन की स्विंग गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज टिक नहीं सके। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट खोकर 96 रन बना लिए हैं। एलिस पेरी 43 रन और एनाबेल सदरलैंड 20 रन बनाकर खेल रही हैं। वह पहली पारी में भारत के स्कोर 102 रन पीछे है। अपना डेब्यू मैच खेल रही लुसी हैमिल्टन ने स्मृति मंधाना को बोल्ड किया। अपना डेब्यू मैच खेल रही लुसी हैमिल्टन ने स्मृति मंधाना को बोल्ड किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही। स्मृति को लुसी हैमिल्टन ने क्लीन बोल्ड किया। शेफाली वर्मा और प्रतिका रावल ने दूसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े।

# आईसीसी ने टीमों के लिए चार्टर्ड प्लेन बुक किए

### इंग्लैंड शनिवार को, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज रविवार को रवाना होंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें अब चार्टर्ड फ्लाइट से भारत से रवाना होंगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने इन टीमों के लिए विशेष उड़ानों का इंतजाम किया है। दरअसल, ईरान-इजाइल युद्ध के कारण हवाई सेवाएं प्रभावित हो गई हैं और दुबई से कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इसी वजह से टी-20 वर्ल्ड कप में अपने-अपने मैच खत्म होने के बाद ये तीनों टीमें भारत में ही फंसी हुई थीं। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार यानी 5 मार्च को भारत से सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड की टीम शनिवार शाम को मुंबई से सीधे लंदन के लिए उड़ान भरेगी। वहीं, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका की टीमें कोलकाता से एक अलग चार्टर्ड फ्लाइट से रवाना होंगी। यह फ्लाइट पहले जोहान्सबर्ग (साउथ अफ्रीका) जाएगी और वहां से एंटीगुआ (वेस्टइंडीज) के लिए उड़ान भरेगी। साउथ अफ्रीकी टीम के रविवार को रवाना होने की उम्मीद है। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में भारत से 7 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

साउथ अफ्रीका की टीम 4 मार्च को पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गई थी। टीम के मैनेजमेंट के साथ केशव महाराज,जेसन स्मिथ और जॉर्ज लिंडे जैसे खिलाड़ी रविवार को कोलकाता से सीधे न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे। वहां 15 मार्च से लिमिटेड ओवर्स की सीरीज शुरू होनी है।




## तीसरी बार टॉप-4 में एंट्री, नंबर-1 के बाद नंबर-6 रैंक प्लेयर को हराया

# सेमीफाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल दिखाते हुए ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। उन्होंने चीन के पूर्व चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-6 ली शिफेंग को सीधे गेम में हराया। लक्ष्य ने तीसरी बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एंट्री की है। उन्होंने पहले राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यूकी को हराया था। टूर्नामेंट की इनामी राशि 14,50,000 अमेरिकी डॉलर है। क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे T20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान खास गेम 'SUPER ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए। दूसरे गेम में एंड बदलने के बाद शिफेंग बेहतर दिखे और स्कोर 6-6 तक बराबर रहा। इसके बाद लक्ष्य ने शानदार डिफेंस और स्मैश से बढ़त बनाई। 45 शॉट की लंबी रैली जीतकर शिफेंग ने स्कोर 15-19 किया, लेकिन जल्द ही लक्ष्य ने मैच पॉइंट हासिल कर लिया।



इस चैंपियनशिप में लक्ष्य का तीसरा सेमीफाइनल है।

### लंबी रैली के बावजूद अच्छा खेल जारी रखा

मैच के बाद लक्ष्य ने कहा, "मैं दोनों गेम में अपने खेल से खुश हूं। शिफेंग ने भी अच्छा खेला। लंबी रैलियां हुईं और हम दोनों थक रहे थे, लेकिन मैंने लंबी रैलियों के बाद भी अच्छा खेल जारी रखा।" उन्होंने कहा, "कोच ने कहा था कि लंबी रैलियों के बाद ज्यादा तैयार रहो, क्योंकि वह भी थक रहा है, इसलिए आसान गलती मत करो।"

### शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में दिक्कत हुई

मैच में लक्ष्य ने आत्मविश्वास के साथ शुरुआत करते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और आक्रामक खेल से इसे 10-4 तक पहुंचाया। ब्रेक तक वे 11-6 से आगे थे। हालांकि, उन्हें शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में थोड़ी दिक्कत हुई, फिर भी उन्होंने 15-11 की बढ़त बना ली। शिफेंग ने लंबी रैली जीतकर स्कोर 13-15 किया।


लक्ष्य ने ली शिफेंग को 21-12, 21-16 से हराया।

### ली शिफेंग को 21-12, 21-16 से हराया

दुनिया के नंबर-12 खिलाड़ी और 2022 के रनर-अप लक्ष्य ने दुनिया के नंबर-6 प्लेयर ली शिफेंग को एक घंटे चले मुकाबले में 21-12, 21-16 से हराया। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई से होगा। विक्टर ने अन्य क्वार्टरफाइनल में जापान के कोकी वतानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से मात दी। मुकाबला शनिवार शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।

## मनोरंजन

## प्रोजेक्ट्स फ्लॉप हुए तो सिर्फ 400 रुपए बचे थे, रिकॉर्ड फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते

# 71 के हुए अनुपम खेर

नई दिल्ली, एजेंसी

एक लड़का, जिसने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (NSD) से अभिनय की तालीम हासिल की और बड़े ख्वाबों के साथ मुंबई पहुंचा। उसे एक फिल्म में शानदार किरदार मिला और उसने छह महीने तक पूरी लगन और मेहनत से उसकी तैयारी की। तभी अचानक खबर आई कि उसका रोल किसी और को दिया जा सकता है। मायूस होकर उसने मुंबई छोड़ने का फैसला कर लिया और आखिरी दफा फिल्म के डायरेक्टर महेश भट्ट से मिलने गया। गुस्से में उसने उन्हें खरी-खोटी भी सुना दी। मगर उसकी सच्चाई, हिम्मत और जुनून देखकर महेश भट्ट ने फैसला किया कि यह किरदार वही निभाएगा।



### 28 साल की उम्र में बुजुर्ग का किरदार निभाया

लंबे संघर्ष के बाद उन्हें फिल्म सारांश (1984) में एक शानदार भूमिका निभाने का मौका मिला, लेकिन कुछ दिनों बाद उनका रोल बदलने की बात होने लगी। हालांकि उनका कॉन्फिडेंस और इरादा देखकर फिल्म के डायरेक्टर महेश भट्ट ने वही रोल दिया जो उनको ऑफर किया गया था। इसके बाद अनुपम को फिल्म से एक शानदार पहचान मिली।

### परिवार में किसी ने सूट नहीं पहना था

कहानी में नया मोड़ तब आया जब लड़की ने शर्त रखी कि वह एनुअल फंक्शन में साड़ी पहनकर आएगी और अनुपम खेर को सूट पहनकर आना होगा। खेर ने बताया था कि उनके परिवार में पहले किसी ने सूट नहीं पहना था। जब उन्होंने घर पर सूट की मांग की तो परिवार हैरान रह गया। किसी तरह उन्होंने पिता को स्कूल के कार्यक्रम का बहाना देकर राजी किया और सूट सिलवाया।

### अनुपम खेर की पहली किस का किस्सा

अनुपम खेर ने शो आप की अदालत में बताया था कि ग्यारहवीं कक्षा में उन्हें अपने मोहल्ले में आई एक लड़की से प्यार हो गया था। वह लड़की अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ती थी और एक आर्मी ऑफिसर की बेटी थी। अनुपम खेर और उनके दोस्त विजय सहगल कई महीनों तक साइकिल से उसके पीछे-पीछे जाते रहे, लेकिन अनुपम मोहब्बत का इजहार करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। छोटे शहर का माहौल था, जहां जज्बात दिल में रहते थे और अल्फाज होंठों तक आते-आते रुक जाते थे।



# मधुबाला बायोपिक में कियारा आडवाणी की एंट्री की खबर गलत

### दावा- कियारा और भंसाली का प्रोजेक्ट से कोई कनेक्शन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

लीजेंडरी अभिनेत्री मधुबाला की बायोपिक को लेकर पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कई तरह की खबरें सामने आ रही थीं। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि इस फिल्म में लीड रोल के लिए कियारा आडवाणी को कास्ट किया गया है और फिल्म को मशहूर फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली प्रोड्यूस करने वाले हैं।

हालांकि अब इंडस्ट्री सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया है। इंडस्ट्री से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने साफ तौर पर कहा है कि कियारा आडवाणी और संजय लीला भंसाली का मधुबाला की बायोपिक से जुड़ने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। सूत्र के मुताबिक, "यह पूरी तरह गलत जानकारी है कि कियारा आडवाणी को भंसाली की मधुबाला बायोपिक के लिए कास्ट किया गया है। इन दावों में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है।"



दरअसल, हाल ही में इंटरनेट पर कई रिपोर्ट्स वायरल हुई थीं, जिनमें कहा गया था कि मधुबाला की जिंदगी पर बनने वाली फिल्म के लिए कियारा आडवाणी को फाइनल कर लिया गया है। साथ ही यह भी दावा किया जा रहा था कि संजय लीला भंसाली इस फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले हैं। इन खबरों के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के बीच काफी चर्चा शुरू हो गई थी। मधुबाला हिंदी सिनेमा की सबसे प्रतिष्ठित और खूबसूरत अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। उनकी फिल्मों और उनकी जिंदगी से जुड़ी कहानियां आज भी दर्शकों को आकर्षित करती हैं। ऐसे में जब उनकी बायोपिक को लेकर खबरें सामने आईं तो फैंस के बीच स्वाभाविक रूप से उत्सुकता बढ़ गई।

# फिल्म धुरंधर 2 का ट्रेलर रिलीज

### डबल रोल में रणवीर सिंह का दमदार अंदाज

नई दिल्ली, एजेंसी

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर 2 का ट्रेलर शनिवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर आज सुबह 11:01 बजे जारी किया गया। बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर. माधवन भी नजर आएंगे। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म को जियो स्टूडियोज ने प्रेजेंट किया है और यह बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है। यह फिल्म 19 मार्च को दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म को पांच भाषाओं - हिंदी, तमिल, तेलुगु,



मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की रिलीज का समय भी खास है, क्योंकि यह गुड़ी पड़वा और उगादी के मौके पर और ईद से ठीक पहले दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म 'धुरंधर 2' के ट्रेलर की शुरुआत एक तीखे डायलॉग से होती है, जिसमें कहा जाता है कि "हिंदू एक बहुत डरपोक कौम हैं।" इसके जवाब में एक चुनौतीपूर्ण आवाज सुनाई देती है।


## जावेद अख्तर ने बताया- अब वे कुर्सी पर बैठकर बातचीत करने लगे हैं

# सलमान के पिता सलीम खान की सेहत में सुधार

24 फरवरी देर शाम आमिर खान दूसरी बार लीलावती हॉस्पिटल सलीम खान का हाल-चाल जानने पहुंचे थे।

मुंबई, एजेंसी

दिग्गज स्क्रीनराइटर और सलमान खान के पिता सलीम खान की सेहत में सुधार हो रहा है और अब वे कुर्सी पर बैठकर बातचीत करने लगे हैं। यह जानकारी लेखक जावेद अख्तर ने




हाल ही में दिल्ली में एक बुक लॉन्च इवेंट के दौरान दी। सलीम खान 17 फरवरी से मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल में भर्ती हैं। सलीम खान के अस्पताल में भर्ती होने के बाद से शाहरुख खान, आमिर खान समेत कई सेलेब्स उनसे मिलने पहुंचे। जावेद अख्तर भी कई बार अस्पताल जाकर उनसे मुलाकात कर चुके हैं।

> मुंबई प्रेस क्लब के कार्यक्रम में शामिल हुए आमिर खान ने कहा था, "मैं सलीम साहब से मिलने गया था। हम सब दुआ कर रहे हैं कि वो जल्द से जल्द अच्छे हो जाएं। क्योंकि वो आईसीयू में थे, मैं उनसे पर्सनली नहीं मिल पाया। मैं उनके परिवार के साथ बैठा था। मुझे अलवीरा जी हर रोज बता रही हैं कि उनकी हेल्थ इम्प्रूव हो रही है। हम सब प्रार्थना कर रहे हैं, दुआ कर रहे हैं कि वो एक बार फिर घर आ जाएं।"

### सलीम खान लीलावती हॉस्पिटल में भर्ती

सलीम खान को 17 फरवरी को सुबह ब्रेन से जुड़ी दिक्कत के बाद लीलावती हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सुबह करीब 8:30 बजे इमरजेंसी में लाया गया। शुरुआती जांच के बाद डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम बनाई गई, जिसने उनकी स्थिति का आकलन किया। 18 फरवरी को लीलावती हॉस्पिटल के डॉक्टर जलील पारकर ने जानकारी दी थी कि सलीम खान की डिजिटल सब्स्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी (DSA) की गई। डॉक्टरों के मुताबिक, यह ब्रेन सर्जरी नहीं है। DSA एक एडवांस्ड डायग्नोस्टिक टेस्ट है, जिससे दिमाग की नसों की स्थिति और संभावित ब्लॉकेज को साफ तरीके से देखा जाता है।



# ट्रम्प पर नाबालिग के यौन शोषण का आरोप

## नए दस्तावेज में खुलासा, पहले अधिकारियों ने डुप्लीकेट बताकर रोक दिया था

**मुलाकात**

नई दिल्ली,एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका में न्याय विभाग ने कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज जारी किए हैं। एफबीआई को दिए इंटरव्यू में महिला ने दावा किया कि एपस्टीन ने उसकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से कराई थी। ट्रम्प ने उनका यौन शोषण किया। तब वे नाबालिग थीं। ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे। एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे। पर शुरुआती रिलीज में सिर्फ एक इंटरव्यू का सार दिखा, जिसमें महिला ने एपस्टीन के खिलाफ आरोप बताए थे। बाकी तीन इंटरव्यू गायब होने पर सवाल उठ रहे थे। अधिकारियों ने अब कहा कि इन्हें गलती से 'डुप्लीकेट' मानकर रोक दिया गया था। बाद में रिव्यू किया तो यह बात गलत निकली। अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डॉक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है। उनका आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन ने एपस्टीन जांच से जुड़ी ऐसी जानकारियां दबाईं, जो ट्रम्प को नुकसान पहुंचा सकती थीं। हाउस की एक कमेटी ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को नोटिस जारी करने के पक्ष में वोट किया। उन्हें कोर्ट में जवाब देना होगा। ट्रम्प ने एपस्टीन से जुड़े सभी आरोपों में किसी भी गलत काम से इनकार किया है. पहले न्याय विभाग ने भी कहा था कि जारी किए गए कुछ डॉक्यूमेंट में ट्रम्प के खिलाफ "झूठे और सनसनीखेज दावे" हैं. वहीं विपक्षी डेमोक्रेटिक नेताओं ने ट्रम्प सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने एपस्टीन जांच से जुड़ी कुछ ऐसी जानकारियों को छिपाने की कोशिश की, जो ट्रम्प के लिए नुकसानदेह हो सकती थीं।

2005: फ्लोरिडा की 30 लड़कियों ने दिया बयान

फ्लोरिडा में 14 साल की लड़की की मां ने शिकायत दर्ज कराई कि एपस्टीन ने मसाज के बहाने यौन शोषण किया।



### महिला का आरोप- एपस्टीन और ट्रम्प ने उसका यौन-शोषण किया



ट्रम्प पर आरोप लगाने वाली महिला के 2019 में FBI ने कई इंटरव्यू लिए थे। गुरुवार को जो डॉक्यूमेंट जारी हुए हैं, उनमें इन्हीं इंटरव्यू के डिटेल्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस इंटरव्यू में उस महिला ने आरोप लगाया कि जब उसकी उम्र 13 से 15 साल के बीच थी, तब एपस्टीन और ट्रम्म ने उसका यौन-शोषण किया था। महिला का यह भी दावा है कि पिछले कई सालों में उसे और उसके करीबी लोगों को चुप रहने के लिए धमकी भरे कई फोन कॉल भी आए थे। महिला का मानना है कि ये कॉल एपस्टीन से जुड़े लोगों की तरफ से हो सकते थे।

### एपस्टीन फाइल्स में 38 हजार बार ट्रम्प का नाम

एपस्टीन फाइल्स में ट्रम्प का नाम 38 हजार से अधिक बार दर्ज है। रिकॉर्ड में 1990 के दशक में एपस्टीन के निजी विमान से 7-8 यात्राओं का जिक्र है। ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल हैं। जांच में सामने आया कि यौन शोषण का नेटवर्क अमेरिका तक सीमित नहीं था। एपस्टीन ने संगठित ट्रैफिकिंग नेटवर्क बनाया। एपस्टीन फाइल्स में अब तक 15 देशों के रईसों, नेताओं और अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के नाम सामने आए हैं।

**एक इंटरव्यू में महिला ने कहा कि एपस्टीन उसे न्यूयॉर्क या न्यूजर्सी ले गया था और वहीं ट्रम्प से मिलवाया था। महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि जब ट्रम्प उस पर सेक्स करने के लिए दबाव डाल रहे थे, तब उसने उन्हें काट भी लिया था।**

# गूगल ने बढ़ाई सीईओ सुंदर पिचाई की सैलरी

## 3 साल के लिए 6400 करोड़ रुपये के पैकेज के साथ टारगेट भी दिया

नई दिल्ली,एजेंसी



नई दिल्ली। गूगल और उसकी पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई की सैलरी (Google hikes CEO Sundar Pichai Salary) में बड़ा इजाफा हुआ है। गूगल की पैरेंट कंपनी ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सुंदर पिचाई के लिए एक नए कॉम्पेनसेशन स्ट्रक्चर की घोषणा की है। रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, प्रस्तावित पैकेज अगले तीन सालों में $692 मिलियन की कुल संभावित वैल्यू तक पहुंच सकता है, जो लगभग 6,400 करोड़ के बराबर है। इस कदम से सुंदर पिचाई की दुनिया भर में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले एग्जीक्यूटिव में जगह पक्की हो गई है, जबकि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने कंपनी की मार्केट में अच्छी-खासी ग्रोथ और उनके नेतृत्व में स्ट्रेटेजिक तरक्की को बढ़े हुए इंसेंटिव के लिए मुख्य वजह बताया है। हालांकि, सुंदर पिचाई को कुछ टारगेट भी दिया गया है। अगर वह उन टारगेट को अचीव कर लेते हैं तो उन्हें पूरी सैलरी मिलेगी। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार पैकेज का बड़ा हिस्सा $126 मिलियन वैल्यू के परफॉर्मेंस स्टॉक यूनिट्स (PSUs) से आता है, जिन्हें दो हिस्सों में बराबर बांटा गया है। सुंदर पिचाई के पैकेज का मुख्य हिस्सा परफॉर्मेंस स्टॉक यूनिट्स (PSUs) है, जिनकी टारगेट वैल्यू $126 मिलियन (लगभग 1050 करोड़ रुपये) है।

**फास्ट न्यूज**

### युवतियों को विदेश में मिलेगी नौकरी

लखनऊ। राजधानी व प्रदेश से आईटीआई, डिप्लोमा, मेडिकल व अन्य शैक्षिक योग्यता धारक युवतियों को विदेश में नौकरी का अवसर मिलेगा। गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में रविवार को पिंक रोजगार महाकुंभ लगेगा। यहां विदेश की तीन प्रमुख कंपनियों में करीब 171 पदों पर युवतियों का 1.15 लाख महीने तक के वेतन पर चयन किया जाएगा।

### ईरान-इजराइल जंग के बीच अमेरिकी शेयर बाजार 453 अंक गिरा

वॉशिंगटन। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच अमेरिकी शेयर बाजार डाउ जोंस में आज 6 मार्च को 453 अंक (0.95%) गिरकर 47,501 पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 361 अंक (1.59%) की गिरावट के साथ 22,387 पर बुद हुआ। वहीं S&P 500 इंडेक्स 90 अंक (1.33%) फिसलकर 6,740 पर आ गया है। वहीं भारतीय शेयर बाजार में आज यानी 6 मार्च को गिरावट रही। सेंसेक्स 1097 अंक (1.37%) गिरकर 78,919 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 315 अंक (1.27%) की गिरावट रही। ये 24,450 पर आ गया।

### यूएई- कुवैत पर हमले में अमेरिकी एयरबेस तबाह : ईरान

तेल अवीव/तेहरान। ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का आज आठवां दिन है। ईरान ने शनिवार को अमेरिका के हाई-वैल्यू मिसाइल डिफेंस रडार को नष्ट कर दिया। एक US अधिकारी के हवाले से ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 300 मिलियन डॉलर का यह AN/TPY-2 रडार THAAD सिस्टम का हिस्सा था और जॉर्डन के मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस पर तैनात था।

## इनफर्टिलिटी 18 प्रतिशत, इससे आईवीएफ कराने वालों की संख्या बढ़कर 11 लाख हुई

# चीन आबादी बढ़ाने के लिए ले रहा आईवीएफ का सहारा

बीजिंग, एजेंसी



चीनी जोड़े पुरानी पीढ़ियों के मुकाबले अधिक उम्र में शादी कर रहे हैं। यह इनफर्टिलिटी की समस्या अधिक बढ़ने का एक कारण है। संतान पैदा कर सकने वाले जोड़ों में इनफर्टिलिटी 2020 में 18% पाई गई जबकि 2007 में यह 12% थी। इससे आईवीएफ की मांग बढ़ी है। चीन में लैब की मदद से संतान को जन्म देने का इलाज कराने वालों की संख्या 2013 के 2.36 लाख के मुकाबले 2019 में 11 लाख हो गई थी। आज चीन में 600 लाइसेंसी क्लिनिक हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार आईवीएफ से 2022 में करीब तीन लाख बच्चों के जन्म हुए थे। अधिक बच्चों के लिए बेचैन देश में इस छोटी संख्या ने भी सरकार का ध्यान खींचा है। चीनी सरकार ने जन्मदर बढ़ाने के लिए अच्छा पैकेज देना शुरू किया है। 2025 में तीन साल से कम आयु के प्रति बच्चे के लिए हर साल 47689 रुपए भत्ता देने की योजना शुरू की है। जनवरी में कंडोम पर वैट की दर 13% कर दी गई। 2022 में केंद्र सरकार ने फर्टिलिटी ट्रीटमेंट को सार्वजनिक बीमा योजनाओं में शामिल किया है। 2024 में दस लाख से अधिक लोगों को आईवीएफ ट्रीटमेंट कराने के खर्च की भरपाई की गई। 2025 के मध्य में सभी 31 प्रांतीय सरकारों ने इसे अपनी योजनाओं में शामिल कर लिया है। आईवीएफ के एक चक्र पर 20 से 50 हजार युआन तक खर्च आता है। कई शहर दस हजार युआन तक दे रहे हैं।फिर भी, जनसंख्या विशेषज्ञों को संदेह है कि आईवीएफ सब्सिडी सेजन्मदर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।जापान और दक्षिण कोरिया दशकों सेआईवीएफ सहित जन्म दर बढ़ाने सेजुड़ी नीतियों पर भारी खर्च कर रहे हैं। दोनों की आबादी कोई खास नहीं बढ़ी है। चीन में संतान पैदा करने की दर बहुत अधिक बढ़ाने के लिए सहायक कार्यक्रमों को कई गुना बढ़ाना पड़ेगा। यह इतना आसान नहीं है। अस्पतालों में ऐसे अधिक मरीज आ रहे हैं जिनकी आयु 35-40 के बीच है। इस आयु में सफलता की दर कम होती है।हॉन्गकॉन्ग साइंस टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के स्टुअर्ट-गीतेल बास्टेन कहते हैं, आईवीएफ इनफर्टिलिटी में मदद करता है, संतान के बारे में दुविधा या अस्पष्टता में नहीं। इस तरह बहुत कम लोगों को फायदा होता है।

### फर्टिलिटी दर बहुत कम

चीन उन देशों में है जिनमें फर्टिलिटी (प्रजनन क्षमता) की दर दुनिया में सबसे कम है। औसत चीनी महिला का अपने जीवनकाल में केवल एक बच्चा होता है। यह 2017 के 1.8 और आबादी को स्थिर रखने के लिए जरूरी 2.1 से बहुत कम है।

# एसबीआई की रिपोर्ट में बड़ा दावा, युद्ध जारी रहा तो बढ़ सकती है महंगाई

नई दिल्ली,एजेंसी



एसबीआई (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) की ओर से एक रिपोर्ट जारी हुई है। इस रिपोर्ट में अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ सकता है। इसके बारे में बताया गया है शनिवार को जारी एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इससे वैश्विक मंदी का दबाव, महंगाई में वृद्धि और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ सकती है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के घरेलू वित्तीय बाजारों को फिलहाल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कदमों सेसपोर्ट मिला है। आरबीआई ने सरकारी बॉन्ड (जी-सेक) यील्ड को संतुलित रखने और रुपए की अस्थिरता को नियंत्रित करनेके लिए हस्तक्षेप किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर यह संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे भारत के मेक्रो-इकोनॉमिक संकेतकों पर भी दबाव पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई ने स्पॉट मार्केट में हस्तक्षेप करके रुपए की अधिक अस्थिरता को कम किया है और इसे 92 के स्तर से नीचे रखने में सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा अनिश्चितता के बीच यह कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही रिपोर्ट में होर्मुज जलडमरूमध्य के बारे में बात की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बंद होने से वेश्विक ऊर्जा बाजार पर असर पड़ा है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार इसी मार्ग से होता है, इसलिए यहां बाधा आने से तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है।फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 91.84 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 89.62 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुकी है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार, अगर कच्चे तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की बढ़ोतरी होती है, तो वित्त वर्ष 2027 में चालू खाते का घाटा (सीएडी) करीब 36 बेसिस प्वाइंट तक बढ़ सकता है। अगर तेल की कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटकर लगभग 6 प्रतिशत तक आ सकती है। एसबीआई रिसर्च ने ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भी इस संघर्ष का विश्लेषण किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह युद्ध कोंड्राटिएफ वेव के अंतिम चरण के दौरान हो रहा है, जो लंबे समय तक चलने वाले आर्थिक चक्र का सिद्धांत है।

# पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल 55 रुपए महंगा

## पेट्रोल 336 और डीजल 321 रुपए लीटर हुआ, अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का असर

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है। सरकार का तर्क है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग व मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं, जिसकी वजह से यह फैसला लेना पड़ा। कीमतों में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद होते ही पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि वे मौजूदा पेट्रोल रिजर्व को लंबे समय तक खींचने की योजना बना रहे हैं। मंत्री ने कहा कि हमें नहीं पता कि मिडिल ईस्ट का यह संकट कब खत्म होगा। भारत में भी केंद्र सरकार ने 7 मार्च से घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की LPG गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा।

### कच्चे तेल के दाम 90 डॉलर पर पहुंचे

ईरान को लेकर ट्रम्प के दिए एक बयान ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट में हलचल मचा दी है। ट्रम्प ने ईरान से 'बिना शर्त सरेंडर' की मांग की है, जिसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में भारी तेजी देखी जा रही है। शुक्रवार को क्रूड ऑयल WTI फ्यूचर्स 12.2% की बढ़त के साथ 90.90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### जमाखोरी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: पीएम शहबाज

पेट्रोल की कमी की अफवाहों और जमाखोरी की शिकायतों के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जो भी लोग पेट्रोल का स्टॉक छिपाकर रख रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

### सिलेंडर की किल्लत रोकने के लिए एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश

सरकार ने 5 मार्च को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने यह आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल (IOC), हिंदुस्तान पेट्रोलियम (HPCL) और भारत पेट्रोलियम (BPCL) शामिल है। इसका मकसद कंज्यूमर्स को बिना रुकावट गैस सिलेंडर की सप्लाई है।

# डिजिटल फ्रॉड होने पर ₹25,000 तक का मुआवजा मिलेगा

## आरबीआई का नया ड्राफ्ट फ्रेमवर्क तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने डिजिटल ट्रांजैक्शन में होने वाले फ्रॉड से ग्राहकों को बचाने के लिए नया ड्राफ्ट फ्रेमवर्क 'कस्टमर लायबिलिटी इन डिजिटल ट्रांजैक्शंस' जारी किया है। इसके तहत अगर किसी ग्राहक के साथ डिजिटल धोखाधड़ी होती है और वह इसकी तुरंत रिपोर्ट करता है, तो उसे 25,000 रुपए तक का मुआवजा मिल सकता है। नए नियमों का उद्देश्य बैंक शिकायतों के निपटारे में लगने वाले समय को कम करना और छोटे मूल्य के फ्रॉड के लिए एक बेहतर मुआवजा मैकेनिज्म तैयार करना है। आरबीआई ने इस ड्राफ्ट पर जनता और स्टेकहोल्डर्स से 6 अप्रैल, 2026 तक सुझाव मांगे हैं। इसके बाद सरकार इसे लागू करेगी। प्रस्तावित नियमों के अनुसार, यदि 50,000 रुपए तक का डिजिटल फ्रॉड होता है और ग्राहक समय पर इसकी सूचना देता है, तो उसे नुकसान का 85% या 25,000 (जो भी कम हो) वापस मिल सकता है। RBI का मानना है कि इससे न केवल ग्राहकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि डिजिटल पेमेंट ईकोसिस्टम और भी सुरक्षित होगा। यह मुआवजा मैकेनिज्म लागू होने की तारीख से एक साल तक प्रभावी रहेगा, जिसके बाद इसके अनुभवों के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी। पहली स्थिति : अगर 10,000 का फ्रॉड हुआ, तो 85% के हिसाब से 8,500 वापस मिलेंगे।

**झटका : ईरान जंग से रसोई गैस की किल्लत की आशंका, सरकार का एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश**

# घरेलू सिलेंडर के दाम 60 रुपए बढ़े

नई दिल्ली,एजेंसी



केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की LPG गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई है। इससे पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 50 रुपए का इजाफा किया था। यानी ये बढ़ोतरी करीब एक साल बाद की गई है। वहीं 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़ाए गए थे। सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई गई है। सरकार ने 5 मार्च को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने यह आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल (IOC), हिंदुस्तान पेट्रोलियम (HPCL) और भारत पेट्रोलियम (BPCL) शामिल है। इसका मकसद कंज्यूमर्स को बिना रुकावट गैस सिलेंडर की सप्लाई है।

### बड़े शहरों में घरेलू सिलेंडर के दाम शहर

| शहर | नए दाम | पुराने दाम | अंतर |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | ₹913.00 | ₹853.00 | ₹60.00 |
| कोलकाता | ₹939.00 | ₹879.00 | ₹60.00 |
| मुंबई | ₹912.50 | ₹852.50 | ₹60.00 |
| चेन्नई | ₹928.50 | ₹868.50 | ₹60.00 |
| भोपाल | ₹918.50 | ₹858.50 | ₹60.00 |
| जयपुर | ₹916.50 | ₹856.50 | ₹60.00 |
| पटना | ₹1011.00 | ₹951.00 | ₹60.00 |
| रायपुर | ₹984.00 | ₹824.00 | ₹60.00 |

### प्लांट पर ड्रोन हमले से एलएनजी का प्रोडक्शन रुका

पिछले हफ्ते अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर स्ट्राइक की थी। इसके जवाब में ईरान ने UAE, कतर, कुवैत और सऊदी जैसे देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और पोर्ट्स को निशाना बनाया है। ईरान के ड्रोन हमले के बाद भारत को गैस सप्लाई करने वाले सबसे बड़े देश कतर ने अपने LNG प्लांट का प्रोडक्शन रोक दिया है। इससे भारत में गैस की सप्लाई घट गई है।



# पश्चिम एशिया में फंसे लोगों के लिए आपातकालीन नंबर जारी

## विदेश में रह रहे नागरिकों से प्रशासन की अपील




नई दिल्ली,एजेंसी

ईरान सहित पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में उत्पन्न संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के लिए आपातकालीन संपर्क व्यवस्था जारी की है। जिला प्रशासन ने जो लोग इन देशों में रोजगार या अन्य कारणों से रह रहे हैं और किसी कारणवश फंसे हुए हैं। उनसे संपर्क कर सहायता लेने की अपील की है। पश्चिम एशिया संकटः मिसाइलों और धमाकों के बीच सुरक्षित लौटे भारतीय, स्वदेश लौटकर सुनाई युद्ध की डरावनी दास्तान प्रशासन ने कहा है कि ऐसे नागरिक आपातकालीन नंबरों और आधिकारिक माध्यमों के जरिये संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा जिले के लोगों से भी अनुरोध किया गया है कि यदि उनके परिवार का कोई सदस्य इन देशों में रह रहा है तो उन्हें इस संबंध में जानकारी दें। प्रशासन के अनुसार पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में रह रहे भारतीय नागरिक निम्न आपातकालीन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96